फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 31 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 23 फरवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रूस-यूक्रेन में जंगी हालात

## रूस ने पूर्वी यूक्रेन के लुहान्स्क और डोनेट्स्क प्रांत को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी, अमेरिका समेत पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ, चीन-भारत के सुर एक जैसे




### रूस बोला- लुहांस्क और डोनेट्स्क अब आजाद



**मॉस्को/कीवः** यूक्रेन की सीमाओं पर रूस की सैन्य तैनाती को लेकर चल रहे तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने पूर्वी यूक्रेन के लुहान्स्क और डोनेट्स्क प्रांत को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। साथ ही रूसी सैनिकों को वहां शांति बनाए रखने का आदेश दिया है। पुतिन के इस फैसले का कई देश विरोध कर रहे हैं। एक तरफ अमेरिका सहित कई देशों ने इसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन बताया है। वहीं, दूसरी ओर चीन-भारत इस पूरे विवाद पर न्यूट्रल हैं। दोनों ने इस मामले में किसी का पक्ष नहीं लिया है।

**भारत ने की दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपीलः** यूएन में भारत के रिप्रेजेंटेटिव टीएस तिरुमूर्ति ने कहा, "यूक्रेन और रूस के बीच सीमा पर तनाव गहरी चिंता का विषय है। इस इलाके में रूस का कदम शांति और सुरक्षा को कमजोर करेगा। हम दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील करते हैं। हम मानते हैं कि यह मुद्दा केवल और केवल डिप्लोमैटिक डायलॉग्स के जरिए सुलझ सकता है। अभी तनाव को कम करने के लिए जो भी कदम उठाए गए हैं, उनके लिए हमें थोड़ा वक्त भी देना होगा।"

**चीन दिख रहा न्यूट्रलः** चीन ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में चीन के रिप्रेजेंटेटिव झांग जून ने कहा- हमारा मानना है कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय विवादों को शांतिपूर्ण तरीकों से हल करना चाहिए।

**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने**



**कहा- जल्द देंगे जवाबः** व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडेन ने यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों की 'स्वतंत्रता' को मान्यता देने के पुतिन के फैसले की कड़ी निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से भी कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जल्द ही इसका जवाब देगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी ने कहा कि हमें रूस से ऐसी ही उम्मीद थी और हम तुरंत जवाब देने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर साइन किए।

इसके अनुसार कोई भी अमेरिकी नागरिक इन इलाकों के लोगों के साथ किसी भी तरह का निवेश नहीं कर सकता है और न ही किसी सेवा या आयात-निर्यात की अनुमति होगी।

**यूएन का बयानः** यूएन सेक्रेटरी एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने बताया कि रूस के फैसले ने यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र यूक्रेन का पूरी तरह से समर्थन करता है।

## रूस को बड़ा झटका!: नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन परियोजना होगी रद्द

**बर्लिनः जर्मनी** के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने मंगलवार को रूस के साथ जारी अपनी अहम नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन परियोजना को रद्द करने का फैसला किया है। जर्मनी की तरफ से यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब रूस ने यूक्रेन के दो शहरों- डोनेत्स्क और लुहांस्क में अपने सैनिकों को भेजना शुरू किया है। नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन यूरोप और पूरे रूस के लिए कितनी अहम है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रूस इस परियोजना के जरिए जर्मनी को अपनी तेल-गैस की सप्लाई दोगुनी करने वाला था और इससे पुतिन सरकार की आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना थी। जर्मनी की ओर से इस परियोजना को रद्द करते हुए कहा गया है कि वह यूक्रेन के खिलाफ रूस की कार्रवाई का सख्त विरोध करती है। चांसलर शोल्ज ने कहा कि रूस का बातचीत की मेज पर लौटना जरूरी है और इस तरह के एकतरफा फैसलों को रोकना पूरी दुनिया की जरूरत है।

## हम यूक्रेन के साथः जर्मनी

**जर्मनी** के विदेश मंत्री क्रिश्चियन लिंडनेर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़कर पुतिन गलत कर रहे हैं। पुतिन रूसी लोगों को अलग-थलग कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम यूक्रेन के साथ हैं।

रूस ने अपने पुराने वादे तोड़ेः इमैनुएल मैक्रों-फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, 'पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी क्षेत्रों को मान्यता देकर रूस अपने वादे से पीछे हट रहा है और यूक्रेन की सत्ता को कम कर रहा है। मैं इस फैसले की निंदा करता हूं। मैंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने के लिए कहा है।'

साउथ कोरिया और जापान ने किया यूक्रेन का समर्थनः साउथ कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन ने यूक्रेन का समर्थन किया है। वहीं, जापान के पीएम फुमियो किशिदा ने रूस की निंदा की। साथ ही रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने की कड़ी निंदाः ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन भी यूक्रेन के समर्थन में ।

# यूपी चुनाव में रूस-यूक्रेन जंग की एंट्री

## इस समय दुनिया में उथल-पुथल, भारत का ताकतवर होना बहुत जरूरीः पीएम मोदी



**बहराइचः** यूपी विधानसभा चुनाव में रूस-यूक्रेन के बीच जारी तनाव की एंट्री हो गई है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहराइच में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, आप देख रहे हैं कि इस समय दुनिया में कितनी उथल-पुथल मची हुई है। ऐसे में आज भारत का ताकतवर होना पूरी मानवता के लिए बहुत जरूरी है। आपका एक-एक वोट भारत को ताकतवर बनाएगा। पीएम ने कहा, सुहेलदेव की धरती के लोगों का एक-एक वोट, देश को मजबूती देगा। आपके इलाके का दरोगा भी ढीला-ढाला पसंद आता है क्या? तो भाइयों-बहनों इतना बड़ा देश-इतना बड़ा राज्य, तो जिम्मेदारी भी मजबूत कंधों पर होनी चाहिए।

**घोर परिवारवादियों को हराने का फैसला कर चुके हैं लोगः** मोदी ने कहा, यहां पैर रखने की भी जगह नहीं है। साल 2014, 2017, 2019 और इस बार भी यूपी के लोग घोर परिवारवादियों को हराने का फैसला कर चुके हैं। आप सब जो यहां इतनी बड़ी संख्या में भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं, उससे साफ है कि यूपी चुनाव में इस बार भी जीत का चौका लगने वाला है।

हिंदुस्तान का कोना कोना शौर्य और पराक्रम से भरा है। हमारी मिट्टी ही हमारा व्यक्तित्व रच देती है। जिस धरती पर हम हैं, ये धरती ही महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम की महक लिए हुए है। पिछले वर्ष उनके स्मारक के शिलान्यास का मौका मिला, वहां उनकी भव्य प्रतिमा भी लगाई जाएगी।

**पांच सालों में पटरी पर आई कानून-व्यवस्थाः** पीएम मोदी ने कहा कि जब टफ टाइम होता है, तो लीडर भी टफ होना चाहिए।




# पटाखा फैक्टरी में भयानक विस्फोट में 6 लोग जिंदा जले



**ऊनाः** जिला ऊना के हरोली उपमंडल के तहत बाथू में एक निजी प्लॉट पर शैड में चल रही अवैध पटाखा फैक्टरी में मंगलवार प्रातः करीब 10 बजे ब्लॉस्ट के बाद आग लगने से 6 कामगार महिलाओं की मौत हुई है, जबकि 14 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में 18 वर्षीय बेटी व उसकी मां भी शामिल है। आग लगने की घटना से 11 कामगार गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया है, जबकि तीन घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चल रहा है। घायलों में 12 महिलाएं और दो पुरूष शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हिमाचल प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष प्रो. राम कुमार तथा उपायुक्त ऊना राघव शर्मा, एसडीएम विकास शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बाथू स्थित पटाखा फैक्टरी में मजदूर रोजाना की तरह काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक विस्फोट होने के बाद आग लग गई।

विस्फोट इतना भयंकर था कि पूरा क्षेत्र पटाखों के धमाकों से गूंज उठा व आसमान में धुंए के बादल छा गए। विस्फोट होते ही उद्योग में चीखो पुकार मच गई और छह कामगार ने मौके ही दम तोड़ दिया। कुछ ही देर में घटना की सूचना जंगल में फैली आग की तरह फैल गइै। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर नियंत्रण पाया। वहीं डीसी और एसपी समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी और उद्योग विभाग के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे।



# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : आईजी जोन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आईजी जोन श्री राकेश सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को प्रातः 07:00 बजे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत ह्यह्यरन फार वोटह्लह्ल वोट मेरा अधिकार कार्यक्रम शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईजी जोन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ह्यरन फार वोट( 18 वर्ष से अधिक आयु) का आयोजन गेट नं0 03 से प्रारम्भ किया गया तथा कार्यक्रम का समापन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकतंत्र में हमारा अधिकार है कि एक अच्छी सरकार का



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते आईजी जोन व जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने वोट के महत्व पर प्रकाश डाला, वोट मेरा अधिकार के तहत वोट अवश्य करें : आईजी जोन

चयन करें। अच्छी सरकार रहेगी तो अच्छा विकास होगा, जब भी वोटिंग की तिथि हो आप अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान इतना ज्यादा से ज्यादा करें कि पहले कभी हुआ नहीं है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि जब भी आप कोई उपलब्धि प्राप्त करते है, तो आपके साथ-साथ परिवार तथा आस-पास के लोगो को खुशी के साथ-साथ प्रेरणा भी मिलती है। आईजी जोन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज कार्यक्रम का उद्देश्य हमारा वोट, हमारा अधिकार के तहत आप लोग वोट अवश्य करें। उस दिन अवकाश भी इसलिए दिया जाता है कि आप अपना बहुमूल्य वोट दे तथा अपने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाकर जनपद का नाम रोशन करें। इसी क्रम में लाटरी के माध्यम से 65 खिलाड़ियों/गणमान्य व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया तथा मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, अपर नगर मजिस्टेज्ट प्रथम श्री शुभम श्रीवास्तव, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी श्री अनिल तिवारी, श्री देवी प्रसाद, स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुपम परिहार एवं एकता तिवारी सहित काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## अतिसंवेदन सील बूथों का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** विधान सभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सोरांव विधान सभा में मंगलवार को क्षेत्र के अति संवेदन शील कई बूथों का प्रेक्षक ने भ्रमण कर जायजा लिए। अति संवेदन शील बूथों में सेवाइथ, दांदूपुर, अहिबीपुर, बांका जलालपुर, पिंक बूथ सोरांव का निरीक्षण किए। तथा संबंधित मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिए। तथा प्रेक्षक किरण एच कुलकर्णी द्वारा शांति व्यवस्था से मतदान करवाने हेतु दिशानिर्देश भी दिए। जहां भी निरीक्षण किया गया प्रत्येक बूथों पर संबंधित बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद रहीं। प्रेक्षक ने उनकी चुनाव संबंधी पुस्तिका का भी निरीक्षण किए। तथा वहीं दांदूपुर की बीएलओ को अनुपस्थित रहने पर लेखपाल प्रेम किशोर को नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिए। इस मौके एसडीएम ज्योति मौर्य, लेखपाल प्रेम किशोर पटेल,ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार संग थाना प्रभारी अशोक कुमार मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## गृहमंत्री का आगमन भाजपा के प्रत्याशी राजमणि कोल को भारी मतों से विजई बनाने की लोगों से अपील

### हेलीकॉप्टर देखते ही योगी मोदी चिल्लाने लगे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी।** कोरांव विधानसभा क्षेत्र के लेड़ियारी स्थित शिव जियावन इंटर कॉलेज में आयोजित आधे घंटे की जनसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने सपा बसपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार में माफिया गुंडा अत्याचारी और जोर जबरू सब जेल में है। यदि इन्हें आप जेल में रखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार को जिताना पड़ेगा। आगे उन्होंने कहा कि सपा और बसपा के 15 साल की राज में उत्तर प्रदेश की स्थिति काफी खराब थी, और वेस्ट यूपी के लोग पलायन करने लगे थे। जबकि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश की जनता का पलायन भी रुका और जनता अपने को सुरक्षित भी मान रही है। शाह ने सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक धारा 370 को लेकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनायी। 70 सालों में जो कार्य कांग्रेस सरकार ने नहीं किया वह काम भाजपा सरकार ने 5 वर्ष में करके दिखाया। केंद्र व राज्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा



सभा को सम्बोधित करते अमित शाह

कि एक करोड़ 41 लाख करोड़ मुफ्त बिजली कनेक्शन, 2 करोड़ 60 लाख एलइडी बल्ब, एक करोड़ 67 लाख गैस कनेक्शन, दो करोड़ 56 लाख किसानों को सम्मान निधि, आवास आयुष्मान कार्ड दिया गया। शाह ने कहा कि जब कोरोना आया तो अखिलेश यादव ने कहा कि मोदी का इंजेक्शन है लेकिन 10 दिन बाद ही वे स्वयं जाकर कोरोना का टीका लगवाये। उन्होंने कहा की आज यह वैक्सीन की देन है कि जो आप तीसरी लहर में यहां खड़े हैं।कोरोना जैसी गंभीर महामारी में सरकार ने 80 करोड़ गरीबो को माह में दो बार मुफ्त अनाज दिया जिससे गरीब परेशान ना होने पाए। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार में डकैती हत्या लूट तथा रेप में भारी कमी आई है। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि उत्तर रुपए किया जाएगा उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजमणि कोल को एक बार फिर विजयी बनाकर पुनः विधानसभा भेजनेके लिए लोगों से अपीलकी ' कार्यक्रम के दौरान सांसद रीता बहुगुणा जोशी मध्य प्रदेश के त्योथर विधायक श्याम लाल द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य कुसुम केसरी विधानसभा कोरांव संयोजक एवं पूर्व जिला महामंत्री रामेश्वर द्विवेदी जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती पूर्व जिला अध्यक्ष शिवदत्त पटेल पुष्पराज सिंह राम जी पटेल सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सोरांव तहसील में गीता पासी ने अधिवक्ताओं से मांगे आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने रात-दिन एक करके पूरे विधान सभा का भ्रमण कर वोटरों से अपने पक्ष में मतदान करने का आशीर्वाद मांग रहे है। इसी को लेकर सोरांव विधान सभा 255 की समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी गीता पासी ने अपने सैकड़ों समर्थकों संग मंगलवार को सोरांव तहसील के सभी विद्वान अधिवक्ताओं का भी आशीर्वाद प्राप्त किए।लगभग एक घंटे का अपना कीमती समय अधिवक्ताओं के बीच में देकर सभी अधिवक्ताओं को समाजवादी पार्टी की नीतियों से रूबरू भी करवाए। तथा आने वाले 27 फरवरी को साइकिल पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने का आशीर्वाद भी मांगी। हालांकि इस समय सभी पार्टियों के उम्मीदवार अपने-अपने तरीकों से जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए सभी प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं। तो वहीं सोरांव विधान सभा में इस समय समाजवादी पार्टी का झंडा बुलंद करने के लिए तथा अपनी नीतियां को घर-घर तक पहुंचाने के लिए समाजवादी पार्टी के सिपाहियों ने अपने विधान सभा के सभी गांव में टाइम टेबल के हिसाब से दौराकर रहे हैं।हालांकि सोरांव विधान सभा की जनता भी समाजवादी





पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में पूरी ताकत से लगे हुए हैं। मंगलवार को गीता पासी का दर्जनों गांवों में कार्यक्रम लगा रहा। और प्रत्येक कार्यक्रम में प्रत्याशी ने वर्तमान सरकार को किसान,मजदूर, पिछड़ा आदि की विरोधी सरकार बताई। और सरकार की सैकड़ों कमियों को भी जनता के बीच उजागर कर विस्तार से चर्चा भी किए। तो वहीं साथ में रहे समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य खिन्नी लाल पासी ने भी समाजवादी पार्टी की खूबियों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सुबह से शाम तक क्षेत्र में लगे रहते हैं। तथा वर्तमान सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की भी बात की। तथा आगामी 27 फरवरी को साइकिल पर बटन दबाकर कर गीता पासी को विधायक बनाने की जनता जनार्दन से अपील भी की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश में अमन,चैन और शांति व्यवस्था कायम रहने की बात कही। इस मौके पर समाज सेवी व सपा नेता हाजी इलियास खान, समाजवादी शिक्षक सभा जिला उपाध्यक्ष ज्वाला सिंह यादव,पूर्व प्रधान संजय पटेल, पूर्व अध्यक्ष बार सोरांव रामचंद्र यादव, वामिक एजाज फारूकी, अधिवक्ता सभा संघ सोरांव तहसील अध्यक्ष विवेक कुमार पटेल,पूर्व प्रधान सचिन कुमार एडवोकेट,राजेश कुमार एडवोकेट,भास्कर सरोज,हरिश्चंद्र पटेल,सुरेश कुमार यादव, मुन्नलाल यादव, राजधानी, शिव पवन यादव, अख्तर इस्लाम, मान सिंह, रईस अहमद, मोहम्मद आरिफ, धीरज श्रीवास्तव, मंजीत यादव, मोहम्मद आरिफ, धीरज यादव, ओम प्रकाश यादव, पंकज चौहान, अनिल यादव संग सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## क्षेत्र का करूंगा चहुंमुखी विकास : मुज्तबा सिद्दीकी

### प्रसपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव के साथ सपा प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी ने किया जनसंपर्क



**फूलपुर।** मैंने हमेशा से क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य किया है। विपरित परिस्थितियों में भी अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। जनता का प्यार मिला तो फूलपुर के विस्तृत विकास के लिए काम करूंगा। उक्त बातें सोमवार को फूलपुर सब्जी मंडी व कस्बे में जनसंपर्क करते हुए सपा प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी ने कही। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के प्रयागराज जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव ने सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आज प्रदेश में सपा की लहर है। युवा हो या किसान, महिला हो या बच्चियां सभी सपा सरकार को लाना चाहते है। समाजवादी वचन पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सपा जो कहती हैं वह कर के दिखाती है। इसलिए प्रदेश की खुशहाली के लिए सपा की सरकार बनाएं। मौके पर वरिष्ठ सपा नेता नसीरुद्दीन राइन, वरिष्ठ समाजसेवी अशफाक अहमद, कुमार मंगल,पवन यादव सहित अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रत्येक गाँव का चहुंमुखी विकास करना ही लक्ष्य : पुनीत पांडेय



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुनीत पांडेय द्वारा अपने पिता इंजीनियर घनश्याम पांडेय बसपा प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा के समर्थन में विभिन्न गाँवों में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया एवं मूलभूत समस्याओं से रुबरु होते हुए कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गाँव का चहुंमुखी विकास कराना ही उनके जीवन का लक्ष्य है ।क्षेत्र में कारखाना, सरकारी इंजीनियरिंग कालेज, बालिका कालेज, रोजगार, सरकारी आइटीआइ, पोलटेकनिक कालेज, फैक्ट्री आदि की स्थापना करवाना एवं दैनिक मूलभूत सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। पुनीत पांडेय ने कहा कि यहां से बाहरी लोग आते हैं और विधायक बनकर चले जाते हैं उनको क्षेत्र के दुख दर्द एवं विकास से मतलब नहीं है इसलिए हमारे प्रतापपुर का शोषण होता है हम लोग आपके परिवार का हिस्सा है 24 घंटे आप लोग के बीच मौजूद रहते हैं और सुख दुख में पहुंचते हैं और पहुंचेंगे इसलिए विधानसभा अपने क्षेत्र का चुनाव करें।

## न्यूज झरोखा

### शहीद फौजी का किया गया एकादशाह संस्कार



**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना के जमुनीपुर बेलवार गांव निवासी शहीद मनीष पांडेय का एकादशाह संस्कार मंगलवार को पैतृक गांव जमुनीपुर मे किया गया। मृत आत्मा के शांति हेतु नारायणबलि सहित कर्म कांण्ड के पश्चात महापात्र की विदाई शहीद के छोटे भाई आशीष पांडेय से कराया गया। जम्मू कश्मीर के उधमपुर मे सेना नायक के पदपर तैनात फौजी मनीष पांडेय 33 पुत्र नरेन्द्र पांडेय के शहीद होने की खबर पखवाडे भर पहले जब उनके परिजनों को मिली तो घरमे कोहराम मचगया। वहीं इसकी खबर मिलते ही शहीद के सहादत में क्षेत्र के हजारों की संख्या मे लोग उमड़ पडे। बताया जाता है कि शहीद मनीष पांडेय की मौत जम्मू कश्मीर के उधमपुर यूनिट की गाडी.से ड्यूटी जाते वक्त एक सड़क हादसे मे हुआ था। इस दौरान शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी नेता पवन द्विवेदी, रमेशचन्द्र शुक्ला अनिल पांडेय, देवेन्द्र पांडेय अमरेश पांडेय , विनय पाठक दिनेश मिश्र आदि सामिल रहे।

### कालेज के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**घूरपुर।** क्षेत्र के इरादतगंज मे स्थित छत्रपति साहू जी महराज फामेर्सी कालेज मे इलाहाबाद विश्व विद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व मे छात्रों को मतदान हेतु शपथ दिलवायी गयी।इस अवसर पर शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने पटेल कहा कि सभी लोग लोभ, भय, जाति, धर्म से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। मतदान बड़े दान मे से एक हैं और यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही आवश्यक हैं आगे उन्होंने यह भी कहा कि मतदान देश के विकास मे आधार स्तम्भ होते हैं जिस पर देश का विकास निर्भर रहता है। प्रत्येक व्यक्ति को यह चाहिए कि एक अच्छे और शिक्षित व्यक्ति के रूप मे अपने प्रतिनिधि का चयन करें इससे देश मे चहुमुखी विकास सहित आदर्श संस्कृति का भी बयार समाज मे बहती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजेश मिश्रा, अरविन्द कुमार गुप्ता, प्रमोद,किरन कुशवाहा, ऋचा मिश्रा,भावना सिंह, आकांक्षा सिंह आदि शिक्षक /शिक्षिकाओं ने भी सभी को सम्बोधित किया।विपिन चंद पाल, आकाश सिंह,दीप चन्द साहू,आशीष कुमार मौर्या आदि छात्र मौजूद रहें।

### सपा और भाजपा के पास सिर्फ दिखावे वाले लोग : डा. अजय कुमार



**शंकरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी को छोडकर बसपा के टिकट पर बारा विधानसभा से चुनाव लड़ रहे डा. अजय कुमार ने मंगलवार को क्षेत्र के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा किया। भ्रमण के दौरान डा. अजय कुमार ने कहा कि उन्हे जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। कहा कि भाजपा और सपा के पास सिर्फ दिखावे वाले लोग हैं ।डा. अजय कुमार ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि उनकी जीत सुनिश्चित है। मौजूदा विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में बिजली, पानी,सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य आदि समस्याओं से जूझ रही जनता को निजात दिलाई थी। कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में विकास के अनगिनत कार्य किए। क्षेत्र की जो समस्याएं शेष रह गई हैं, उसे आने वाले समय में पूरा किया जाएगा। बता दें कि बारा विधानसभा क्षेत्र बसपा का गढ़ माना जाता है और बसपा का अपना फिक्स वोट बैंक भी है। बसपा प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने 2012 में सपा और 2017 में भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ा और भारी मतों से जीत हासिल की। जनसंपर्क के दौरान डा. अजय कुमार ने भीटा, चितौरी, सेंधुआर, सुजौना, चिल्ला-गौहानी, बसहरा, सतहरा, गोबरा, सोनौरी, चिंतापुर, लालापुर भटपुरा आदि गांवों का दौरा किया।

### क्षेत्र में जोरों से हो रहा पायनियर धान का प्रचार



**कोरांव।** कोराँव क्षेत्र में इस समय पायनियर कंपनी के कर्मचारी व अधिकारी शंकर धान 27पी37 के प्रचार में जोरो से लगे हुए हैं। एक ओर जहां चुनावी माहौल चरम पर है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के उन तमाम गांवों में जहां पर शंकर धान की खेती की जाती है वहाँ पायनियर कंपनी द्वारा दमखम से मीटिंग कर शंकर धान 27पी37 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में सफलता की कहानी किसानों की जुबानी कार्यक्रम का आयोजन बड़ोखर के बसहा में किया गया जिसमें किसान लालजी सिंह को 27पी37 धान की खेती कर वर्ष 2021 में 29 कुन्तल प्रति एकड़ की बेमिसाल उपज प्राप्त करने के लिए मैडल से सम्मानित कर प्रमाण पत्र दिया गया। लालजी सिंह ने बताया कि 27पी37 धान अपनी लम्बी, गुच्छेदार एवं वजनदार बालियाँ, हर मौसम में ज्यादा उपज तथा चमकदार दानों के कारण हर हाल बेमिसाल होते हुए करता है हर मैदान फतेह। इस अवसर पर भारी संख्या में किसनों के साथ कम्पनी के अधिकारी विकास तिवारी, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपा छोड सपा में सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए भाजपाई

**अखंड भारत संदेस**

### करछना में अखिलेश यादव की रैली में सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए भाजपाई

**करछना।** विधानसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पूरे यमुनापार जिले के पांचो विधानसभा सीटों की जनसभा में हमने इंजीनियर जगदीश सिंह यादव भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पद को छोड़कर हजारों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सदस्यता ग्रहण किया । हमारे साथ में मुख्य रूप से रहे डॉ जयप्रकाश डॉ राज बहादुर पटेल श्री सुभाष यादव मैना लाल निषाद प्रधान यज्ञ नारायण चौधरी गुलजारी लाल यादव नंदा जी अरुण सिंह जी एडवोकेट दयाशंकर यादव जी बाल कुमार यादव जी पूर्व प्रधान भटौती शिवबाबा निषाद जी किसान का यादव जी श्री विनय कुमार यादव प्रधान गरैला श्री राजेश्वर यादव पूर्व प्रधान बबुरा रमा कांत यादव बीडीसी श्री आलोक यादव पूर्व प्रधान गरैला संतोष यादव एडवोकेट विनय कुमार यादव श्री राजेंद्र प्रसाद यादव श्री चंद्रभान सिंह यादव श्री शीलू सिंह सुभाष निषाद श्री मिठाई लाल पटेल पूर्व प्रधान श्री संतोष कुमार विश्वकर्मा श्री छोटे लाल यादव श्री कमलेश कुमार आदिवासी श्री छक्कन पाल पाल प्रधान आज काफी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## क्रिकेट का उद्घाटन मैच क्रिकेट क्लब मेजा ने जीता

**अखंड भारत संदेस**

**करछना।** राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन के संयोजकत्व में एस एम आई टी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कुशगढ शिव मंदिर ग्राउंड पर 20 फरवरी रविवार से शुरू हुआ। जिसमें इलाकाई दर्जनभर क्रिकेट टीमों ने शिरकत किया । क्रिकेट का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख करछना प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने फीता काटकर किया । उन्होंने प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। और खिलाड़ियों से खेल खेल की भावना खेले जाने की अपील की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब भुंडा व एस पी एल क्रिकेट क्लब मेजा के बीच खेला गया । मेजा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया । वही हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब भुंडा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 74 रन बनाए। वही एस पी एल क्रिकेट टीम मेजा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 ओवर में 5 विकेट पर

### मां सेवा संस्थान रोकड़ी की ओर से दीपक को मैन आफ द मैच से नवाजा गया



क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए।

जीत दर्ज कर ली। जिसमें उद्घाटन मैच मेजा के नाम रहा। वही दूसरा मैच गौरा और नेवादा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें गौरा की टीम विजई रही। वहीं मां सेवा संस्थान रोकड़ी के अध्यक्ष विनायक पंडित की ओर से गौरा क्रिकेट क्लब के प्रतिभागी खिलाड़ी दीपक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक व संयोजक अमित मिश्र व प्रतियोगिता के संरक्षक संजीव कुमार मिश्र ने आए हुए सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान निदौरी पंकज पांडेय कीर्ति द्विवेदी जनार्दन पांडेय अरुण द्विवेदी रहे। निर्णायक के रूप में आनंद शुक्ला व चंदन सिंह रहे। कमेंटेटर के रूप में शरद शुक्ला थे। इस मौके पर भारी संख्या में दर्शक लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के 8 खिलाड़ियों व कोच का चयन



**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत 24 व 25 फरवरी 2022 को आगरा में होने वाली उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें शाश्वत तिवारी,बृहद मणि शुक्ला, यश शर्मा,मो0उबैद,अखिल त्रिपाठी,अर्चित मिश्रा, सचिन शुक्ला, पार्थ त्रिपाठी को चयनित किया गया है। साथ ही इस टीम में जीवन ज्योति के कोच श्री रवि भूषण राय का चयन टीम मैनेजर के लिए हुआ है। उत्तर प्रदेश टीम में खिलाड़ियों व कोच के चयन पर निदेशक डॉ आर पी पाण्डेय, डॉ के के शुक्ला, प्रधानाचार्य श्रीमती अंकिता मिश्रा व समस्त शिक्षकों में हर्ष ब्याप्त है तथा सभी ने टीम को जीत के लिए शुभकामनाएं प्रदान दी।

### खबर संक्षेप

## अज्ञात वाहन से कुचलकर युवक की मौत

**मेजा रोड।** मेजा में अज्ञात वाहन से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात मेजा थाना क्षेत्र के भटौती (जोड़ौरी तारा) निवासी सरयू सोनकर (25) पुत्र लल्लू राम सोनकर की भटौती स्थित क्रशर प्लांट मे अज्ञात वाहन से कुचल कर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल मेजा तुषारदत्त त्यागी ने शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में जुटे हैं। पीड़ित परिजनों के बीच बसपा प्रत्याशी बाबा तिवारी पंहुचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। फिलहाल मेजा पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई है।

# भाजपा के छोटे नेता छोटा और बड़े नेता बड़ा झूठ बोल रहे : अखिलेश यादव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी के छोटे नेता छोटा झूठ, बड़े नेता बड़ा झूठ और सबसे बड़े नेता सबसे बड़ा झूठ बोल रहे हैं। जनता का इन लोगों पर से विश्वास उठ गया है। जनता इस बार सपा की सरकार यूपी में बना रही है। दो चरणों के मतदान में सपा ने शतक पूरा कर लिया है। सपा की यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। अखिलेश करछना में पार्टी की जनसभा में बोल रहे थे।सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव बदहाली से प्रदेश को बचाने और संविधान बचाने का चुनाव है। सपा की सरकार बनी तो 11 लाख खाली पदों पर प्राथमिकता के आधार पर भर्ती की जाएगी। अनुदेशकों को नियमित किया जाएगा। शिक्षा मित्रों की समस्या दूर होगी। सिंचाई निशुल्क होगा। बीएड बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। 69 हजार शिक्षकों की भर्ती पूरी की जाएगी और इसमें हुई अनियमितताओं


सभा को संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव

को दूर किया जाएगा। भाजपा सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है। कोई भी भर्ती नहीं हुई। पेपर लीक हो रहे हैं। परीक्षाएं निरस्त हो रही है। बेरोजगार आत्महत्या करने के लिए बाध्य हैं। बुलडोजर बाबा ने यूपी को पीछे धकेल दिया है।

**बैरीकेडिंग टूटने से मची भगदड़**

करछना में आयोजित अखिलेश की सभा में मंच के सामने बना बैरिकेडिंग टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। अखिलेश को देखने के लिए लोगों का भीड़ उमड़ पड़ी थी। भीड़. को देख सपा मुखिया गदगद दिखे। भाषण के शुरूआत मे उन्होंने सपा के दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। बदहालीसे संविधान से बचाने का चु है। दोहरा शतक पूरा करेंगे। दो चरण में शतक। 11 लाख पद खाली है। भर्ती, अनुदेशको की सिंचाई, बीएड वालों की भर्ती। 69 हजार में। बाबा बुलडोज। पेपर आउट हो रहा है। परीक्षाएं रद्द होरहीहै। रामपूजन समेत दिवंगत नेताओं दुर्गेश। और मंच से माइक।

## संगमनगरी में रोड शो कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिखाई ताकत, भगवामय हुआ पूरा शहर



**प्रयागराज।** नारों संग ढोल-नगाड़े और नाचते-गाते समर्थकों के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रोड शो के जरिए मंगलवार को अपनी ताकत दिखाई। अल्लापुर से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ निकला रोड शो लोकनाथ चौराहे तक गया। रास्ते भर जय श्री राम, वंदे मातरम के भाजपाइयों और शहरियों ने खूब जयकारे लगाए। रथ पर अमित शाह के साथ प्रयागराज की दोनों सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, केशरी देवी पटेल भी सवार हुईं। इस दौरान रथ पर फूलों की खूब बारिश हुई। अल्लापुर से लोकनाथ जाने वाला मार्ग भगवामय नजर आया। अल्लापुर स्थित लालता स्वीट हाउस से अमित शाह का रोड शो शाम तकरीबन पांच बजे शुरू हुआ। जय श्री राम के जयकारे के बीच उनका रोड शो मटियारा रोड की तरफ बढ़ा। इस दौरान सड़क किनारे मकानों की छत और बालकनी में खड़े लोगों ने अमित शाह के रथ पर खूब पुष्प वर्षा की। छतों से ही लोग गृहमंत्री की तस्वीरें अपने मोबाइल में कैद करते रहे।

**हाथ जोड़कर किया सभी का अभिवादन :** हाथ उठाकर अमित शाह और केशव मौर्य भी सभी का रास्ते भर अभिवादन करते रहे। अल्लापुर मटियारा रोड पर सात वर्ष की बच्ची राशि से पूछा गया कि वह यहां क्यों आई तो उसने तपाक से जवाब किया कि वह अमित शाह को देखने आई है। रथ पर कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी भी लोगों को अभिवादन करते रहे। अलोपीबाग मंदिर आया तो डिप्टी सीएम ने अमित शाह के कान में कुछ कहा। इसके बाद दोनों ने ही मंदिर की ओर शीश झुकाकर प्रणाम किया। यहां वासुदेवानंद आश्रम में बटुक ब्राह्मणों ने भी रथ पर पुष्प वर्षा की।उन सभी का अमित शाह ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। सड़कों पर वाहन के आगे-आगे सैकड़ों कार्यकताओं का हुजूम रहा। इस दौरान कई बार अमित शाह, केशव मौर्य, हर्ष, आदि ने रथ पर रखी माला एवं फूल लोगों की तरफ उछाले।

## हमार फंडा साफ.... जो करी विकास उहै पाई वोट



**सहसों।** सुबह सुबह हाकर पुट्टी लाल ने चिल्लाते हुए आज की ताजा खबर सभी दलों का जोरदार प्रचार कहते हुए सहसों, भोपतपुर, सेमरी, हाईवे चौराहा पर अखबार देते हुए आगे बढ़ गया। अखबार पाते ही आग ताप रहे लोगों में फतेह बहादुर गौतम ने अखबार की हेडिंग यूपी में 50 सीटों पर...को पढ़ते हुए अपनी बात पूरी की। यह सुनकर फूलचन्द्र ने कहा हां भैय्या चुनाव में सबके अच्छाई बुराई दिखाई देत है। आग ताप रहे सुभाष ने तपाक से बोला हमार फंडा साफ बा जो हमार करी विकास उहै वोट पाई, हम सब के बारे में जो सोची, अउर जो समझी उहै सबसे अच्छा है। चर्चा आगे बढ़ा राम सिंह यादव ने कहा हर पार्टी के प्रत्याशी गांव गांव आज घूमकर वोट मांग रहे हैं। यही हमेशा याद करें तो गांव सहित हम लोगन के हर काम आसान रहै। माला फूल दुकानदार रामबाबू पुष्कर ने कहा यह बार तो गांव के मेहरारूअन लाभ की बात ज्यादा करत अहैं कि हमका लाभ ही लाभ अहै। बाकी सब दस मार्च के बाद पता चली। वहीं चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने कहा अपने गांव में तो सभै प्रत्याशी की इज्जत अहै। हम तौ वोट विकास पुरुष का ही देबई। चाय दुकानदार शिवधारी पाल ने सभी को चाय पिलाते हुए कहा हम का तो चाय की दुकान से मतलब है लेकिन वोट फायदे वाली जगह देब। चाय की चुस्की लेते हुए अकबर अली ने कहा अबकी बार वोट तो चुनिंदा लोगन का देना है। जो हमारे बीच में हर समय अपनी मौजूदगी का एहसास कराएं। शिक्षक राजकुमार ने कहा हम सब कर्मचारी का जो सरकार ... बीच में ही बात काटते हुए पुरुषोत्तम एवं लालता प्रजापति ने कहा हां आपका तो ठीक है परन्तु हम सब गरीब-मजदूर के लिए समर्पित सरकार चाही जे सै हमार व लरिकन के घर परिवार चल सकै। दवा विक्रेता सचिन तिवारी एवं रेडियो मैकेनिक राजेश मौर्य ने कहा हमारे लिए देश सर्वोपरि है जो पार्टी या सरकार देश एवं प्रदेश का चौमुखी विकास कर सके, धर्म की रक्षा कर सके, छोटे व्यवसायियों का विकास कर सके वही पार्टी व सरकार सबसे अच्छी है। हंसी ठहाके के बीच आग तापते हुए सभी ने अपनी अपनी बात कहते हुए वोट जरूर देने की बात कहते हुए अपने अपने काम पर चले गए। अब देखना यह है कि 10 मार्च को मतगणना के बाद यह राजनैतिक ऊंट किस करवट बैठेगा कौन सा दल बहुमत में आएगा और किसकी सरकार बनेगी।

## जमीन से जुड़कर कार्य करें कार्यकर्ता : विभाकर शास्त्री



**सहसों।** विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र एवं प्रियंका गांधी के राजनीतिक सलाहकार व कांग्रेस के स्टार प्रचारक विभाकर शास्त्री ने मंगलवार को विधानसभा फूलपुर एवं विधानसभा प्रतापपुर में कई चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कार्यकर्ता सक्रिय होकर सभी घरों में कांग्रेस की नीतियों एवं कांग्रेस के संकल्प पत्र के बारे में हर मतदाता को बताकर मतदान के लिए जागरूक करें। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक विधानसभा फूलपुर के देवनहरी गांव में की जिसमें महिलाओं, बालिकाओं के लिए संकल्प पत्र पर किए गए घोषणा को हर घर में महिला मतदाता को जागरूक करने के साथ जीत के मूल मंत्र भी पदाधिकारियों को देते हुए कड़ी मेहनत के साथ कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को सफलता के लिए जमीन से जुड़कर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री के जय जवान जय किसान का नारा तभी सार्थक होगा जब हम सब जमीन से जुड़कर गांव के लोगों की समस्याओं को समझे और उसे निपटाने में उनकी मदद करें। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव मनीष मिश्रा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी, शरद उपाध्याय, देवराज उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, अमरीश पासी, आलोक पांडे आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल नें करछना में की जन सभा

**अखंड भारत संदेस**

### पार्टी प्रत्याशी समर्थित पियूष रंजन निषाद केजिताने की अपील की

**करछना ।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने करछना विधानसभा क्षेत्र से करेहा के बाग में एनडीए के प्रत्याशी पीयूष रंजन निषाद के समर्थन में मंगलवार को एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन के पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल डॉ सोनेलाल पटेल और डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन किया । उन्होंने कहा कि भाजपा समेत अपना दल एस और निषाद पार्टी के गठबंधन को लगातार जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिल रहा है। और जनसभा में उमड़ी भीड़ से गदगद उन्होंने कहा कि इस बार भी जनता का पूरा आशीर्वाद एनडीए के प्रत्याशियों को अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने हर तबके के लिए ईमानदारी से दमदारी के साथ काम किया है । उन्होंने कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था बहुत ही बेहतर हुई है।जिससे पूरे प्रदेश की जनता सुकून महसूस कर रही है । और पिछड़ों दलितों समेत दबे कुचले समाज के लोगों का इस सरकार में बहुत सम्मान बढ़ा हुआ है। साथ ही साथ उन्होंने विशेष तौर पर अपना दल एस के सभी पदाधिकारियों समेत सभी कार्यकर्ताओं से करछना में इस बार कमल खिलाए जाने की पुरजोर अपील की। और कहा कि पियूष रंजन निषाद मेरे भाई हैं। जो कि पिछले चुनाव में थोड़ी चूक हो गई थी। लेकिन इस बार के चुनाव में नहीं होनी चाहिए ।



सभा को संबोधित करतीं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

उन्होंने सभी से एक- एक मत कमल के फूल की बटन पर दबाए जाने की पुरजोर अपील की । इसके लिए जनता से हाथ उठाकर जीत की हामी भी भरवायी। सतना के सांसद गणेश सिंह ने अपने उद्बोधन में केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार की तमाम उपलब्धियों को जनता के बीच एक- एक करके गिना कर करछना के भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाए जाने की पुरजोर अपील की। करछना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी पीयूष रंजन निषाद ने सभी का स्वागत भाषण अभिनंदन करते हुए सभी जनता जनार्दन का अभिवादन कर आशीर्वाद लिया । सभा का संचालन राजेश पटेल बुलबुल ने किया। इस मौके पर अपना दल एस के जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल व भाजपा यमुना पार जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती युवा मंच के जिला अध्यक्ष मनोज पटेल विधानसभा अध्यक्ष परमानंद पटेल पूर्व ब्लाक प्रमुख रामतौल पटेल इंद्रजीत पटेल भाजपा यमुनापार जिला उपाध्यक्ष शोभ नारायण द्विवेदी ज्ञान सिंह पटेल त्रिवेणी प्रसाद पांडेय महामंत्री राजेश शुक्ल भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु शुक्ला सदस्य जिला पंचायत ममता आदिवासी सदस्य जिला पंचायत राजेश पटेल भाजपा करछना विधानसभा के पांचो मंडल अध्यक्ष समेत प्रभा कांत ओझा पवन कुमार मिश्र रेवती रमण तिवारी विकास पांडेय सहित भारी तादाद में महिलाएं भी मौजूद रही ।

# ब्राह्मणों ने जैसल को दिया सामूहिक आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** ब्राह्मण अनादि काल से समाज का नेतृत्व करता आ रहा है। उसके द्वारा लिए गए फैसलों का देश और समाज पर दूरगामी असर पड़ता है। यदि कोई दल ब्रह्म समाज को अपना पिछलग्गू समझता है, तो यह उसकी भूल है। उक्त बातें ब्राह्मण समाज की बैठक के दौरान अध्यक्षता कर रहे पं विजय शंकर मिश्र ने कही।

मंगलवार को जयराम इंटर कॉलेज धनावल में आयोजित बैठक में ब्राह्मणों ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल को आड़े हांथों लेते हुए कहा कि उन्होंने ब्राह्मण मतों को भाजपा की बपौती मानते हुए अपने कार्यकाल के दौरान उनकी जबरदस्त उपेक्षा की है। अब विधानसभा चुनाव में उन्हें उनके किए की सजा मिलकर ही रहेगी।



जयराम इंटर कॉलेज धनावल में हुई ब्रह्म समाज की बैठक

जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे ने कहा कि हम भगवान परशुराम के वंशज है। हमारे लिए सम्मान सर्वोपरि होता है। ब्राह्मणों का अपमान करने वालों को सजा देना हमे आता है। आज कोई कितना भी कुछ कर ले ब्राह्मण अपने निर्णय पर अडिग रहेगा। उन्होंने बसपा प्रत्याशी राजबली जैसल के पक्ष में मतदान करने के सामूहिक निर्णय का स्वागत किया। बैठक में उपस्थित पूर्व प्रधान अमिलिया पाल पं सुभाष पांडेय ने कहा कि बसपा प्रत्याशी राजबली जैसल को समर्थन देकर ब्रह्म समाज ने एक सामयिक और प्रासंगिक निर्णय लिया है। आने वाले समय मे कोई भी नेता ब्राह्मणों को अपमानित करने की सोच भी नहीं पाएगा। वरिष्ठ बसपा कार्यकर्ता सिमलेश पांडेय ने कहा कि विनम्र और व्यवहार कुशल राजबली जैसल को समर्थन देने का ब्राह्मण समाज का फैंसला स्वागत योग्य है। इससे शेष समाज को यह संदेश मिलेगा कि ब्राह्मण बनाना ही नहीं बिगड़ना भी जानता है। बसपा प्रत्याशी राजबली जैसल को समर्थन देने के सामूहिक फैंसले के बाद ब्राह्मणों ने उन्हें अपने बीच बुलाकर उन्हें विजय की माला पहनाकर सामूहिक आशीर्वाद दिया। कृतज्ञता से आह्लादित बसपा प्रत्याशी राजबली जैसल ने बैठक में कहा कि वे हमेशा ब्राह्मणों का सम्मान करते आए है, और हमेशा करेंगे। ब्राह्मणों से मिले सुझाव को वे अपना सौभाग्य समझेंगे।इस दौरान राजमणि दुबे,ब्रजभूषण पांडेय,शांती प्रसाद पांडेय,राजेन्द्र पांडेय,बब्बन उपाध्याय तत्स कुटकुट तिवारी आदि दर्जनों ब्राह्मण मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद अतीक के बेटे समेत सात पर 25-25 हजार इनाम

**प्रयागराज।** अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद अतीक अहमद के छोटे बेटे अली के खिलाफ पुलिस ने 25000 का इनाम घोषित कर दिया है। उसके साथ ही रंगदारी के मुकदमे में फरार अन्य सभी छह पर भी इनाम घोषित किया है। प्रयागराज पुलिस ने बताया कि अगर ये आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारे जाते हैं तो ऐसी दशा में नियमानुसार जांच उपरांत ही घोषित पुरस्कार की धनराशि मुठभेड़ करने वाली टीम को प्रदान की जाएगी। करेली पुलिस पहले ही आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुकी है। अतीक अहमद के रिश्तेदार ने ही पूर्व सांसद के बेटे अली समेत अन्य के खिलाफ मारपीट हमला रंगदारी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि अतीक ने अहमदाबाद जेल से फोन करके अपने बेटे से बात कराई थी और 5 करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी।

## कांग्रेस जो कहती है वह करती है : राजमनि बेंजाम

**कोरांव।** छत्तीसगढ़ प्रांत के विधायक एवं केंद्रीय पर्यवेक्षक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजमनि बेंजाम ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है,और किसानों का कर्ज माफ करके दिखाया भी है। उक्त विचार श्री बेंजामन ने विधान सभा कोराव प्रयागराज के कांग्रेस पार्टी चुनाव कार्यालय पर आयोजित एक विशेष बैठक में कही। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी सर्व धर्म को लेकर चलने वाली पार्टी है। किसानों का कांग्रेस ने जो वादा किया था वह करके दिखाया है। इस बार आशा,आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को भी मेरी सरकार सरकारी कर्मियों में शुमार करेगी। जिससे ये अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन कर सकें। किसानों के अन्न अच्छे दामों में खरीदे जा सकें। उन्होंने कार्यकताओं को न्याय पंचायत स्तर पर कार्य करने के तौर तरीके बताए। जिससे चोपाल के तहत सीधे जनता वोटर से जुड सकें। मुख्य अतिथि ने पार्टी के पदाधिकारियों से चुनावी गतिविधियों की समीक्षा की,और कई सुझाव, दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में रघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेस सचिव/चुनाव प्रभारी, एवम बागी राव खाड़े, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल,कार्यालय प्रभारी रामनारायण मौर्य,ब्लॉक अध्यक्ष आशाराम मिश्र,बबलू शुक्ला,बृजेश मिश्र,धनंजय दूबे,दिनेश चौधरी,पुस्पराज जैसल,रोहिणी प्रसाद पाल,राजाराम विद्यार्थी,विनय कुशवाहा,राजाराम कुशवाहा,उपेंद्र कुशवाहा,शंकर लाल कोल, हिंच्छ लाल कोल,संतोष दुवेदी,त्रिवेणी प्रसाद कोल,मोतीलाल कुशवाहा एडवोकेट,अच्छे मियां,सहित कई पदाधिकारी,वरिष्ठ कार्यकर्ता,कई ग्राम प्रधान,उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक 1194843 वर्ष 2003 अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**मोहम्मद नसीम पुत्र सईद अहमद ग्राम- चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई, बाबूगंज,फूलपुर प्रयागराज।**

# ब्रह्म और जीव का एकाकार हो जाना ही रास लीला है : पं निर्मल जी

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** वेदों में परमात्मा को रस स्वरूप कहा गया है।रसो वै सः।कह कर परमात्मा का परिचय दिया गया है वह रस जहां छलक रहा हो जहां जीव के सारे कर्म बंधन समाप्त हो गये हों वह जीवत्व से शिवत्व की कक्षा में पहुंच जाय और परमात्मा भी अपना सारा ऐश्वर्य भूल कर भक्त के सुख के लिए सारे क्रिया कलाप करने लगे वह रास है। गोपियों ने भगवान को अपना प्रेमी समझ कर अपने कुल परिवार का त्याग कर दिया और रात्रि काल में प्रेम के वशीभूत होकर भगवान कृष्ण की वंशी के स्वर से आकर्षित होकर ऐसे चल पड़ी जैसे हजारों नदियां अपने प्रियतम समुद्र से मिलने जाती हैं।राजा परीक्षित ने शुकदेव से प्रश्न किया कि जब गोपियों को कृष्ण की भगवत्ता का ज्ञान नहीं है उन्होंने ने उन्हें मात्र अपना प्रेमी माना है तब उनका मोक्ष कैसे हुआ क्योंकि मनुष्य को तो उसके भाव के अनुसार फल मिलता है जब कृष्ण के प्रति उनका ब्रह्मभाव था ही नहीं तो फल कैसे मिला। इसका उत्तर देते हुए शुकदेव जी कहते हैं राजन वस्तु का गुंण सामने वाले के ज्ञान अज्ञान से प्रभावित नहीं होता।आप अग्नि को अगर बर्फ मान कर छुएंगे तो क्या उसका दाहक तत्व समाप्त हो जाएगा सूर्य को कोई न पहचाने तो का उसका प्रकाश उसे नहीं मिलेगा।अमृत या जहर को भाव कुभाव कैसे भी पिया जाय वह अपना प्रभाव छोडेगा ही ठीक वैसे ही जब जीव भगवान कृष्ण के समक्ष उपस्थित हो जाता है तो भगवान के नाम स्मरण या दर्शन का प्रभाव ही ऐसा है कि वह

**लौआ कोन कोरांव प्रयाग राज भागवत कथा अंतिम दिवस**



मुक्त कर ही देता है।आपने कहा कि ए गोपियां साधारण स्त्री नहीं है बड़े बड़े सिद्ध महात्माओं ने लाखों वर्ष तपस्या करके भगवान का स्पर्श सुख मांगा था संस्कृत रामायणों में वर्णन है कि जब भगवान राम जनक पुर में गये तो मिथिला की सारी युवतियों ने मुग्ध भाव से भगवान को पति बनाने की कल्पना किया और भगवान राम ने कहा कि इस जन्म में मैं एक पत्नी व्रत लेकर आया हूं मेरा अगला कृष्णावतार लीला प्रधान होगा उसमें आप सब का मिलन मुझसे होगा।वहीं सब गोपियां बन कर आईं और भगवान ने उनकी पवित्र कामना को पूर्ण किया। लौवा कोन में पं राम रक्षा जी मिश्र के आवास पर भागवत कथा के विश्राम दिवस पं निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल जनसमूह के समक्ष उक्त उद्गार व्यक्त किया।आपने कहा कि भागवत एक शरीर जैसा है और रास लीला के ए पांच अध्याय जिन्हें रास पंचाध्याई नाम से जाना जाता है वो इस शरीर के पंच प्राण हैं।सुदामा चरित्र की मार्मिक व्याख्या करते हुए आपने कहा कि यह चरित्र श्री कृष्ण को लोकोत्तर महा पुरुष बना देता है ।सुदामा जैसे दीन हीन दरिद्र ब्राह्मण को जो कि 80 वर्ष पहले भगवान कृष्ण के साथ मात्र 64 दिनों तक अध्ययन किया था उससे ऐसे मिले जैसे भगवान को सुदामा के रूप में अमूल्य रत्न ही मिल गया हो। द्वारका जैसा वैभव देकर सुदामा को अपने जैसा वैभवशाली बना दिया भगवान ने।उसके बाद सुभद्रा हरण यदुवंश का विनाश भगवान श्रीकृष्ण का स्वलोक गमन तथा परीक्षित मोक्ष सुना कर शुक्ल जी ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।कथा के अंत में यजमान राम रक्षा मिश्र ने कथावाचक और सभी श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।कथा में क्षेत्र के श्रृद्धालु विशाल संख्या में उपस्थित रहे 7 दिनों तक ऐसा लगा कि लौवा कोन में मथुरा वृंदावन ही साकार हो गया हो।इसके बाद यजमान और उनके परिवार तथा सभी श्रोताओं ने ग्रंथ पूजन किया तथा इस भव्य आयोजन का विश्राम भी बहुत भव्यता से हुआ।

## नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की



**प्रतापपुर।** नेदुला गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पांचवें दिन मंगलवार को कथा व्यास प्रयाग पीठाधीश्वर शक्तिपीठ चक्र सुदर्शनपुरी रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का संगीतमय वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें कथा का सुनना तभी सार्थक होगा जब कथा में बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा महाराज ने कहा कि जब भगवान का कारागार में जन्म हुआ तो रात के आधे काल में सब पहरेदार सम्मोहन में आ गए वासुदेव की बेड़ी खुल गई। तब देवकी के परामर्श अनुसार बालक को टोकरी में रखकर यमुना पार कर गोकुल में नंदग्राम में कन्या से बदल आए उस समय यमुना पूरे उफान पर थी। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण के पैर का स्पर्श होते ही वह शांत हो गई। नंद के यहां 75 वर्ष बाद बालक हुआ था तो इस पर नंदग्राम में खुशियां मनाई गई। उधर, कंस को सूचना दी कि देवकी को आठवां बालक हुआ है तो उसने देवकी से कन्या को छीनकर पत्थर पर पटकना चाहा। लेकिन वह आकाश मार्ग से स्वगारीहण कर गई। कंस को बता दिया कि तेरा मारने वाला ब्रज मंडल में अवतरित हो गया है। कथा व्यास ने अनेक सुंदर प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सभी अपने परिवारों को सुधारें तो पूरा भारत देश सुंदर हो जाएगा।इस अवसर पर मुख्य यजमान अखिलेश दुबे, ज्योति दुबे, अवधेश कुमार दुबे, मिथिलेश कुमार दुबे, मानस भास्कर अनुज महाराज, आचार्य अंबुज द्विवेदी, शशिभूषण त्रिपाठी, मदन गोपाल, संघर्षण, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**फॉर्म सी-1**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

**(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)(पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)**

अभ्यर्थी का नाम और पता- रामकृपाल कोल, ग्राम व पोस्ट बड़ोखर, कोरांव, प्रयागराज
राजनैतिक दल का नाम- कांग्रेस पार्टी
निर्वाचन का नाम- 265- कोरांव विधानसभा सामान्य निर्वाचन सुरक्षित
निर्वाचन क्षेत्र का नाम- 265 कोरांव
मैं रामकृपाल कोल (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ।

लंबित आपराधिक मामले

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | सम्बद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं0 | थाना कोरांव | अ0सं0 292/2007 | मु0नं0 369/2002 |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं0 | ए0सी0जे0 एम-4 | मु0नं0 3310/2010 | जे0नं0 369/2002 |
| (ग) | अंतर्वलित सम्बद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं0 दे, अर्थात भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा....) | लागू नहीं | धारा-419, 420,467, 468,471 आई0पी0सी0 | धारा-353 352,504 506,332 आई0पी0सी0 |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | लागू नहीं | कागजात में हेराफेरी | सरकारी कार्य में बाधा |
| (ङ) | क्या आरोप विरचित किए गए है (हॉं या नहीं का उल्लेख करें) | लागू नहीं | हॉं | हॉं |
| (च) | यदि उपरोक्त मद (ङ) सामने उत्तर हॉं है तो वह तारीख दें, जिसकों आरोप विचरित किए गए थे | लागू नहीं | 16.01.2007 | लागू नहीं |

# 300 से अधिक सीट लेकर भाजपा की बनेगी सरकार: अमित शाह

## सपा, बसपा, कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ




**प्रतापगढ़। केन्द्र सर**कार के गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को रानीगंज विधान सभा क्षेत्र के बभनमई में भाजपा प्रत्याशी धीरज ओझा के समर्थन में आयोजित एक बड़ी जनसभा में कहा कि उत्तर प्रदेश में तीन चरणों के चुनाव में सपा, बसपा व कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है और मतदान का क्रम सातों चरण में पूरा होने पर भाजपा 300 से अधिक सीट लेकर फिर भाजपा सरकार बनाएगी

अमित शाह ने कहा कि इस क्षेत्र के युवा विधायक धीरज ओझा को जिताकर भेजोगे तो इन्हें बड़ा ओहदा देकर बड़ा आदमी बनाएंगे। इस पर हजारों कार्यकताओं की तालियां गूंज उठी। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर में धारा-370 हटाने को लेकर खून की नदिया बहाने की बात करने वाले बड़बोले नेता आज फिर सरकार बनाने को लेकर बड़ी-बड़ी डींगे हांक रहे हैं। परिणाम आने के बाद उनका चेहरा फिर बेनकाब होगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रतापगढ़ वीरों, बलिदानियों व महापुरुषों की धरती है। उन्होंने स्वामी करपात्री जी महराज, हरिवंश राय बच्चन और कहला के बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि गुण्डों, माफियाओं पर जिस तरह का अंकुश योगी सरकार ने लगाया, ऐसा कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ये गुण्डे माफिया जेलों तक तभी तक रहेंगे, जब प्रदेश में कानून व्यवस्था का राजा करने वाली भाजपा को फिर पुनः सत्ता मिलेगी। अमित शाह ने जिले में स्थापित सोनेलाल मेडिकल कालेज के अलावा मां बाराही धाम का सौन्दर्यीकरण, रानीगंज क्षेत्र में इंजीनियरिंग कालेज व स्टेडियम की भी चर्चा की।

अमित शाह ने समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि अखिलेश बाबू, आपके फुलटास बाल पर भाजपा बाउंड्री पार करने में नहीं जुटेगी। अमित शाह हेलीकाप्टर से अपरान्ह 1.10 बजे मंच पर आए थे और भारी भीड़ का हाथ हिलाकर अभिवादन करने के बाद माइक संभाल लिया था। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने अंगवस्त्रम तथा धीरज ओझा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच पर मौजूद संगम लाल गुप्ता, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह व राम शिरोमणि शुक्ल, राजा अनिल प्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह, जूबाए के पूर्व महामंत्री जय प्रकाश मिश्र, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, नागेन्द्र रघुवंशी, आशीष श्रीवास्तव, सत्यम ओझा तथा धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी ललित तिवारी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आज आएंगे जेपी नड्डा

**परियावां, प्रतापगढ़। बीजेपी कें**द्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा बुधवार को एमएमपीजीडिग्री कालेज कालाकांकर के परिसर में आएंगे, जिसके लिए हेली पैड बनवाने में पुलिस प्रशासन के साथ कुंडा विधान सभा प्रत्याशी सिन्धुजा मिश्र, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, राजकुमारी रत्ना सिंह, सहित अन्य लोग तैयारी में लगे हुए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष डिग्री कालेज में बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

### लाभार्थी बैंक खाते को आधार नम्बर से कराएं लिंक

**प्रतापगढ़। जिला** समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ के समस्त लाभार्थियों को सूचित किया है कि जिस खाते में पेंशन प्राप्त हो रही है, उस बैंक खाते में आधार नम्बर को लिंक करायें, यदि बैंक खाते में आधार लिंक नही होता है तो भविष्य में पेंशन की धनराशि प्राप्त नहीं होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं पेंशन धारक की होगी।

### वाहन जांच के दौरान 60 हजार रुपए जब्त

**प्रतापगढ़। विधानसभा** सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, निर्विघ्न, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उदेदश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा उड़नदस्ता टीमों को दिये गये कड़े निर्देश के क्रम में विधानसभा क्षेत्र रानीगंज में उड़नदस्ता द्वितीय के मजिस्टेज्ट हरीराम द्वारा रामापुर बैरियर थाना फतनपुर के पास वाहन जांच के दौरान मनमोहन त्रिपाठी निवासी देवगढ़ कमासिन के पास रुपए 60 हजार रुपये बरामद किये गये। मनमोहन त्रिपाठी के पास कोई कागजात न होने व चुनाव में दुरूपयोग के दृष्टिगत उसे जब्त कर सम्बन्धित मजिस्टेज्ट द्वारा कोषागार कार्यालय के डबल लॉक में जमा करा दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उड़नदस्ता टीमों को निर्देशित किया है कि विधानसभावार क्षेत्रों में वाहनों की सघन चेकिंग करायी जाये जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

### ससुरालीजनों के खिलाफ उत्पीड़न का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली** पुलिस ने महिला उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। धारूपुर निवासी मो. शहजाद की पुत्री शबनम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि ससुरालीजन शादी के बाद से ही उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया करते हैं। पीड़िता ने तहरीर मे कहा है कि बीती बीस नवंबर को उसकी ससुराल रेलवे कालोनी जंघई जौनपुर मे पति मो. इलियास तथा देवर इरशाद, सास शहनाज व ससुर मो. इम्तियाज ने दो लाख रुपए दहेज की मांग को लेकर उसे मारापीटा। ससुरालीजनों ने पीड़िता की पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना के बाबत यहां मायके आने पर स्थानीय पुलिस को तहरीर सौपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ महिला एवं दहेज उत्पीड़न तथा मारपीट व गालीगलौज समेत कई गंभीर धाराओं मे सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

### करेंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**परियावां, प्रतापगढ़। मानिकपुर** थाना क्षेत्र के रानीमऊ लाला का बाजार निवासी विनीता पटेल पत्नी शिव शंकर पटेल (35) वर्षीय मंगलवार की भोर में शौच के लिए जा रही थी कि रास्ते मे पम्पिंग सेट में गई बिजली की केबिल में उतर रहे करेंट पर पैर पड़ जाने से चपेट में आ गयी।

# लोक अदालत में पारिवारिक मुकदमों का कराएं निपटारा: प्रधान न्यायाधीश

**प्रतापगढ। राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 मार्च 2022 के सम्बन्ध में प्री-ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की बात कही। उन्होने कहा कि आपसी रजामंदी के आधार पर मुकदमों का निपटारा कराने से न किसी पक्ष की हार होती है और न किसी पक्ष की जीत, इसमें पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल जाता है और उनको बेवजह कचहरी के चक्कर नही काटने पड़ते इसमें धन और समय की बचत होती है। बैठक का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में अपर प्रधान न्यायाधीश अजय कुमार त्रिपाठी, अपर प्रधान न्यायाधीश अलका भारती।

# विकास व कानून व्यवस्था पर मिल रहा जनता का भरपूर समर्थन: स्वतंत्र देव

## पत्रकारों से रुबरु हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष




प्रतापगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के कांधरपुर में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र मौर्य के समर्थन में आयोजित सभा को सम्बोधित करने के बाद पत्रकारों से कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता विकास के नाम पर, कानून व्यवस्था तथा योगी मोदी जैसा सक्षम नेतृत्व के नाम पर अपार प्यार व समर्थन दे रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज प्रदेश में गुण्डागर्दी समाप्त है। विगत पांच वर्षों में मोदी सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का परिणाम है कि प्रदेश में अपराध घटे हैं और जनता राहत महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से भी जनता को राहत मिली है। कोरोना जैसे महामारी से निपटने में तीसरी लहर केवल इसलिये नहीं प्रभावी हुई कि सरकार ने अधिकांश देशवासियों को कोरोना का टीका मुफ्त लगवा दिया था। पत्रकारवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष के साथ पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह, भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला भी मौजूद रहे।

# शहर के चार नालों के जल में रेमिडिएशन के साथ किया जा रहा क्लोरीनेशन का कार्य

## रेमिडिएशन व क्लोरीनेशन का किया गया निरीक्षण



**प्रतापगढ़। नगर** के चार प्रमुख नालों का गंदा पानी सई नदी में गिरता रहा है। इसके प्रदूषण को रोकने के लिये रेमिडिएशन के साथ-साथ अब क्लोरीनेशन का कार्य भी किया जा रहा है। क्लोरीनेशन का कार्य करने के लिये हाइपोफ्लोराइड को जल में डाला जा रहा है। बताया जाता है कि नगर के बेल्हा देवी नाला, रामलीला मैदान का नाला, भुलियापुर का नाला तथा चकवनतोड़ के नाले का पानी सई नदी में जाता है। इसके जल का शुद्धीकरण करने का प्रयास विगत दो वर्षों से चल रहा है लेकिन विगत 12 जनवरी से रेमिडिएशन के साथ-साथ क्लोरीनेशन के लिये हाइपोफ्लोराइड डालने का कार्य भी शुरू किया गया है। इससे परिणाम कुछ सार्थक आने लगे हैं। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा बनाई गई कार्य योजना के तहत रेमिडिएशन के साथ चारों नालों में क्लोरीनेशन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। बता दें कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा चारों नालों का नमूना प्रति सप्ताह लेकर परीक्षण किया जाता है। पानी को शुद्ध करने के प्रयासों के सार्थक परिणाम मिलने लगे हैं।

मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के महेश पाण्डेय ने रेमिडिएशन व क्लोरीनेशन के कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा समय-समय पर अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह निरीक्षण करने जाते हैं।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित 39 मतदान कार्मिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

**प्रतापगढ़। विधानसभा** सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से दिनांक 15 फरवरी से 20 फरवरी तक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान 39 मतदान कार्मिक प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहे और उनके द्वारा अपनी अनुपस्थिति के सम्बन्ध में कोई उपयुक्त कारण प्रस्तुत नही किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन ने अनुपस्थित मतदान कार्मिकों को सचेत किया है कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशा प्रिया द्वारा 39 अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। थाना कोतवाली नगर में जिन मतदान कार्मिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है उनमें स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की अनीता गौतम, सहायक अध्यापक विनोद कुमार, प्रधान लिपिक प्रेमशंकर, सीएचसी संग्रामगढ़ की उपमा चतुवेर्दी, सफाई कर्मी सन्तोष कुमार, सहायक अध्यापक गीता देवी, सहायक अध्यापक श्रीशचन्द्र पाण्डेय, सहायक अध्यापक दीपक मिश्रा, शिक्षा मित्र नीलम मिश्रा, सफाई कर्मी राममंगल, वरिष्ठ लिपिक शैलेन्द्र कुमार।

# मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता भंग करने वाले सहायक अध्यापक निलम्बित

**प्रतापगढ़। 19 फरवरी** को सहायक अध्यापक प्रा0वि0 कोठा लक्ष्मीकान्त दूबे द्वारा स्मार्ट/एण्ड्रायड मोबाईल पर चुपके से मतदान देते समय फोटो लेने का प्रयास किया गया। लक्ष्मीकान्त दूबे द्वारा मतदान की गोपनीयता भंग किये जाने का प्रयास किया गया, वे सरकारी कर्मचारी है तथा उनकी नियुक्ति पोलिंग आफिसर के रूप में की गयी है। विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के प्रा0वि0 कोठा के सहायक अध्यापक लक्ष्मीकान्त दूबे द्वारा मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता भंग करने एवं मतदान प्रक्रिया को बाधित किये जाने के आरोप में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निदेर्शानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह द्वारा सहायक अध्यापक लक्ष्मीकान्त दूबे को निलम्बित कर दिया गया है। इसी प्रकार 16 फरवरी को विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर मौरहा की शिक्षा मित्र उर्मिला देवी द्वारा मतपेटिका में मत डालने के पूर्व मोबाइल में फोटो खीच लिया गया तथा बाद में मत को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। शिक्षा मित्र उर्मिला देवी द्वारा मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता भंग करने के आरोप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा मित्र उर्मिला देवी के वेतन पर रोक लगा दी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि किसी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता हुआ पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# ट्रक में लदी 375 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**परियावां, प्रतापगढ़। पुलिस** अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बीती रात्रि में नवाबगंज के वाजिदपुर में सोनू महराजा पंजाबी ढाबा के पास थाना नवाबगंज पुलिस व आबकारी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक ट्रक नं0 आर जे 14 जीबी 7054 को रोककर पूछा गया तो ट्रक चालक ने ट्रक में चावल लदे होने की बात बतायी। चावल से सम्बन्धित कागजात मागने पर आना-कानी करने लगा।

इस पर संदेह के आधार पर ट्रक की चेकिंग की गयी तो चावल की बोरियों के पीछे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां पायी गयीं। शराब की पेटियों के सम्बन्ध में भी ट्रक चालक द्वार कोई कागजात नहीं होना बताया गया। इस पर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब की पेटियां सहित ट्रक व ट्रक चालक व खलासी को हिरासत में लिया गया।

पुलिस द्वारा पूछताछ में ट्रक चालक द्वारा बताया गया कि हमलोग पैसे के लालच में यह अवैध शराब अपने ट्रक मालिक व जयपुर निवासी एक व्यक्ति के कहने पर चंडीगढ़ से लादकर बिहार राज्य में सप्लाई देने जा रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में नरेश कुमार पुत्र रुखमणा रामसऊ जाट नि0 आलम सरिया थाना धोरिमाना जनपद बाड़मेर, राजस्थान व नरेन्द्र कुमार पुत्र छेतराम नि0 सन्नौड़ा थाना सदर बारमेर जनपद बाड़मेर, राजस्थान शामिल रहे। इनके पास से लगभग 35 लाख रू0 कीमती 375 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। पुलिस टीम में आबकारी निरीक्षक पियुष विक्रम, आबकारी निरीक्षक, अमित कुमार मय आबकारी टीम, प्रभारी निरीक्षक रुकुमपाल सिंह, उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह मय हमराह थाना नवाबगंज शामिल रहे।

# भाजपा यूपी में होगी सत्ता से बाहर तभी घटेगी मंहगाई-प्रमोद तिवारी

## विधायक मोना के समर्थन में सीडब्ल्यूसी मेंबर जनसभा में हुए शामिल

**लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मंहगाई तथा बेरोजगारी पर भाजपा को यूपी मे सत्ता से बाहर कर भी काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कोरोना काल में स्वास्थ्य क्षेत्र मे भारी सरकारी अव्यवस्था तथा छुटटा जानवरों से किसानो की फसल को हो रहे नुकसान को लेकर भी बीजेपी सरकार पर कड़े प्रहार किये।

मंगलवार को रामपुर खास मे कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना के समर्थन मे हेलीकाप्टर से जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचे पार्टी स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा उनके द्वारा विकास की बड़ी परियोजनाओं मे अडंगेबाजी को लेकर भी भाजपा के दलगत प्रतिशोध को आड़े हाथों लिया। भदारी कला, पूरे नीर अठेहा, उमरपुर भटनी तथा बसुआपुर मे आयोजित विशाल जनसभाओं मे प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के चलते क्षेत्र के स्वीकृत हुए मंगापुर-उदयपुर ब्लाक का निर्माण रूकवा दिया। वहीं प्रमोद तिवारी




ने कहा कि बीजेपी की केन्द्रीय सरकार द्वारा भी रामपुर खास मे औद्योगिक वातावरण बनाये जाने के लिए सबसे महत्वाकांक्षी अमेठी-ऊँचाहार रेल लाइन परियोजना को भी सर्वे के बाद आगे नहीं बढ़ने दे रही है।

आराधना मिश्रा मोना ने सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर हुए घटनाचक्र का भी जिक्र करते हुए कहा कि एक बहन और बेटी के रूप में उन्हें गालियां दी गई और इसके ठीक उल्टे सरकार की निरंकुशता के चलते उनके पिता प्रमोद तिवारी के साथ उन पर भी फर्जी मुकदमें लादे गये। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पुलिस जांच की क्लीन चिट के बाद अब रामपुर खास की जनता से ही उन्हें बहन और बेटी के सम्मान की रक्षा के लिए न्याय मिलने का भरोसा है। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। जनसभा को राम गिंडलानी, अशोक सिंह, अमित सिंह, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, अरविंद सिंह, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, रघुनाथ सरोज व लालजी यादव ने भी संबोधित कर क्षेत्रीय विकास मे विधायक मोना के योगदान की जमकर सराहना की।

## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या का अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त महताब आलम पुत्र मुशी रजा निवासी जाफरपुर महावा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त उमाशंकर पुत्र अल्प नारायण निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को 400 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजरानी पत्नी गुड्डू निवासी ओसा थाना मझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है।

# भाजपा के जितने बड़े नेता उतने झूठे : अखिलेश यादव

## सिराथू और चायल विधानसभा में अलग-अलग दो जनसभा में उमड़ी भीड़ को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया संबोधित, अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा सिराथू से प्रत्याशी डिप्टी सीएम केशव को स्टूल में बैठाएगी जनता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिले के सिराथू विधानसभा और चायल विधानसभा में दो अलग-अलग जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के जितने बड़े नेता हैं वह उतने झूठे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के झूठ से आम जनता परेशान हो चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनता सबक सिखाएगी उन्होंने कहा कि 3 चरण के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की हालत खराब हो गई है जिससे भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी महंगाई चरम पर है आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पूंजी पतियों को आम जनता को लूटने की छूट दे रखी है जिससे आम जनता परेशान है सिराथू प्रत्याशी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि स्टूल मंत्री को जनता इस विधानसभा चुनाव में सिराथू की जनता सबक सिखाएगी और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की करारी हार होगी। सिराथू विधानसभा क्षेत्र के सायरा स्थित एक मैदान में उमड़ी विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया है अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी और अपना दल कमेरा वादी की गठबंधन प्रत्याशी पल्लवी पटेल के समर्थन में मतदान करने की आम जनता से अपील की है। चायल विधानसभा क्षेत्र के समसपुर में उमड़ी विशाल भीड़ को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जमकर प्रहार करते हुए चायल विधानसभा प्रत्याशी पूजा पाल के समर्थन में मतदान करने की अपील आम जनमानस से की है कार्यक्रम के दौरान पूर्व काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज पूर्व चेयरमैन कैलाश केसरवानी पूजा पाल डॉ पल्लवी पटेल सहित तमाम लोगों ने भीड़ को संबोधित किया।






उपस्थित जनसमूह को को संबोधित करते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ में इन्द्रजीत सरोज व डॉ. पल्लवी पटेल

### चिलम वाले बाबा और स्टूल वाले मंत्री को हराना है

**कौशांबी।** सिराथू विधानसभा की धरती पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चिलम वाले बाबा को और स्टूल वाले मंत्री को इस बार करारी शिकस्त देनी है उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि चिलम वाले बाबा और स्टूल वाले मंत्री को शिकस्त देने की जनता ने तैयारी कर ली है और 10 मार्च के बाद दोनों का सत्ता से जाना तय है।

## दलितों पर प्राणघातक हमले में दो सगे भाइयों को 7 वर्ष की सजा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के छोटी धन्नी निवासी देशराज प्रजापति व रामनिहारे प्रजापति पुत्रगण हरिलाल ने दलितों पर प्राणघातक हमला किया था मामले का मुकदमा अदालत में चला मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोनों भाइयों को अदालत ने 7 वर्ष की कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों की सुनवाई के दौरान विवेचक ने पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने की पहल की पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से दोनो भाइयों को 07 -7 वर्ष कारावास तथा दस हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थ दण्ड न देने पर अतिरिक्त एक वर्ष कारावास की सजा सुनायी गयी।

# पीएम के आगमन की तैयारी में पुलिस व्यस्त भाजपा नेता करने लगे जमीन पर कब्जा

## 4 दिन पहले भाजपा में शामिल हुए लोग डिप्टी सीएम की छवि कर रहे हैं खराब , भाजपा में शामिल होते ही ककोढा में कुआं और जगत की जमीन जबरिया कब्जा करने से गांव में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** 3 दिन पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद जमीन पर कब्जा दबंगों ने शुरू कर दिया है जिससे गांव में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है भारतीय जनता पार्टी को बदनाम कर कुछ लोग डिप्टी सीएम की छवि खराब करने पर उतारू हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन उनकी व्यवस्था में व्यस्त है जिसका फायदा भाजपा नेताओं ने उठाया और मौर्य समाज की जमीन में बने कुआं और जगत पर कब्जा शुरू कर दिया है। सिराथू तहसील के ग्राम ककोढा में मौर्य समाज के पूर्वजों द्वारा सैकड़ो वर्ष पूर्व बनाया गया कुआँ व कुआँ के पास जगत की पड़ी जमीन पर भाजपा के कुछ लोगों की नियत खराब हो गई है और कुआ और कुएं के जगत की जमीन पर जबरिया कब्जा करना शुरू कर दिया है दबंगों का हौसला इस कदर बढ़ा है कि वह जमीन कब्जा करने में बार बार भाजपा के दमदारी की बात कर जमीन कब्जा कर रहे हैं कुआ और जगत की जमीन पर कब्जा होने के बाद ग्रामीणों मैं आक्रोश उत्पन्न हो गया है और मौके पर सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना 112 व पुलिस अधिकारियों को फोन के माध्यम दी गई है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन में ब्यस्तता की बात कह कर पुलिस अवैध कब्जे को रोक नहीं लगा पा रही है कुआ और उसकी जगत पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने के लिए मौर्य समाज के लोगों ने थाना पुलिस से भी कुआ की जमीन बचाने के लिये अवगत करवाया हैं बताया जाता है कि सिराथू तहसील के ककोढा गांव के सुमेश त्रिपाठी विनय त्रिपाठी, सुभम मिश्रा,व उनके दबंग साथियों ने जमीन पर कब्जा शुरू किया और जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो गाली गलौज करके स्थिति बिगाड़ देना चाहते हैं पुलिस के द्वारा रोका गया लेकिन अपनी बदनीयती को लेकर यह मौर्य समाज के जगत ट्यूबेल व कुआँ को जबरन कब्जा करना चाहते है।



कुंआ की जमीन पर कब्जे का दृश्य

# सराय अकिल और भरवारी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे राजा भैया

## जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के 23 फरवरी के आगमन को लेकर पार्टी पदाधिकारी तैयारियों में जुटे



राजा भैया के आगमन की तैयारियों के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते पार्टी के नेतागण।

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव में जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केशरवानी के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया पूर्व कबीना मंत्री कौशांबी के भरवारी कस्बा और सराय अकिल कस्बा में 23 फरवरी को विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे राजा भैया के आगमन को लेकर भरवारी और सराय अकिल में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा मंच बनाए जा रहे हैं कार्यक्रम स्थल पर राजा भैया के आगमन को लेकर तैयारी चल रही है भारतीय जनता पार्टी द्वारा चायल विधानसभा सीट को अपना दल एस के खाते में दे देने के बाद वैश्य समुदाय के लोग नाराज हो गए और उन्होंने अपना दल एस प्रत्याशी का विरोध करते हुए खुलकर जनसत्ता दल के प्रत्याशी को समर्थन करने की घोषणा कर दी है जिससे राजा भैया की मीटिंग में भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

## स्मैक तस्कर कोतवाल की जांच आधार में

अखंड भारत संदेश

### बकरे की माई कब तक खैर मनाएगी एक दिन जांच के दौरान कोतवाल का हलाल होना तय है

**कौशांबी।** स्मैक तस्करी में लिप्त सराय अकिल कोतवाल अनुपम शर्मा के कारनामों को पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए एक सिपाही को निलंबित कर दिया और मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंप दी लेकिन एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी स्मैक तस्कर कोतवाल के कारनामों की जांच नहीं पूरी हो सकी है सूत्रों की माने तो स्मैक तस्कर कोतवाल को बचाने का भरसक प्रयास हो रहा है नेताओं की चरणों में गिरकर कोतवाल त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं उनके कारनामों पर पर्दा डाल कर दोषी कोतवाल को बचाने का प्रयास शुरू हो गया है आखिर स्मैक तस्कर कोतवाल को कब तक बचाया जाएगा बकरे की माई कब तक खैर मनाएगी एक दिन जांच के दौरान कोतवाल का हलाल होना तय है बताते चलें कि सराय अकिल कोतवाल ने धूमनगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति को 300 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था बाद में बरामद 300 पुड़िया स्मैक को कोतवाल ने रखवा लिया और तस्कर से मोटी रकम लेकर उसे निर्दोष छोड़ दिया बाद में सराय अकिल कोतवाली से कोतवाल ने 300 पुड़िया स्मैक को रकसराई गांव के दूसरे तस्कर के हाथ बेच लिया मामले में मोटी रकम वसूली जिस स्मैक को कोतवाली के मालखाना में जमा होना चाहिए वह माफियाओं के जरिए गांव पहुंच गया इस मामले की चर्चा होते ही पुलिस अधीक्षक ने एक सिपाही को निलंबित कर दिया और कोतवाल की जांच शुरू करा दी कई दिन बीत जाने के बाद स्मैक तत्काल कोतवाल की जांच अधर में लटकी हुई है।

### प्रत्याशियो के दैनिक व्यय लेखा रजिस्टर का किया जाएगा तृतीय निरीक्षण

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी ने समस्त प्रत्याशी निर्वाचन एजेन्ट विधानसभा क्षेत्र-सिराथू मंझनपुर चायल को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानसुर समस्त प्रत्याशियों का विधानसभा निर्वाचन के दौरान दैनिक व्यय लेखा रजिस्टर का तृतीय निरीक्षण व्यय प्रेक्षक द्वारा 24, 25 एवं 26 फरवरी 2022 को सरस हाल, विकास भवन में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक किया जायेगा।

### प्रधानमंत्री की सभा आज

**कौशाम्बी।** प्रधानभंत्री नरेंद्र मोदी दिनांक 23 फरवरी को मंझनपुर पुलिस लाइन के पीछे स्थित मैदान पर दिन मे 12 बजे कौशाम्बी जनपद की तीन और बांदा जनपद की दो विधानसभा सीट पर भाजपा अपना दल निषाद पार्टी के गठबंधन के प्रत्याशियो के समर्थन मे आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, अपना दल के अध्यक्ष आशीष पटेल,सांसद विनोद सोनकर आर के पटेल, सभी प्रत्याशी और भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहेगे।

# बसपा की रैली में हजारो समर्थकों की भीड़ देख सपा भाजपा की बढी बेचैनी

## हजारों समर्थकों के साथ घर-घर पैदल पहुंची मंझनपुर बसपा प्रत्याशी डॉ नीतू कनौजिया मांगा वोट, मंझनपुर चौराहा सहित पूरे कस्बे में घूम-घूम कर बसपा की रैली ने विपक्षी दलों को दिखाई ताकत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी डॉ नीतू कनौजिया ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कस्बा बाजार चौराहा समदा रोड सहित विभिन्न रोड में हजारों बसपा समर्थकों के साथ पैदल भ्रमण कर मतदाताओं से बसपा के समर्थन में मतदान करने की अपील की है जनसंपर्क के दौरान बहुजन समाज पार्टी के पैदल भ्रमण में हजारो महिला पुरुषों की भारी भीड़ देखकर भाजपा सपा की बेचैनी बढ़ गई है बीते 20 वर्षों से मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी का गढ़ रहा है आज की रैली देखकर यह प्रतीत होता है कि मंझनपुर सीट पर अपना वजूद बचाने में बहुजन समाज पार्टी सफल होती दिख रही है। लोकतंत्र के महापर्व को कुछ ही दिन बाकी हैं। ऐसे में प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को बसपा की मंझनपुर प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थकों ने पैदल रैली निकाली। बसपा की रैली पैदल घूमते हुए मंझनपुर चौराहा पहुंचकर एक-एक व्यापारी के यहां अपनी दस्तक दी। इतना ही नहीं समर्थकों का रेला हुजूम के साथ मंझनपुर कस्बे के एक-एक गली में घूमा वहीं एक-एक घर में पहुंचकर बसपा की प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने मतदाताओं से सम्पर्क कर उनसे वोट की अपील किया। हालांकि रैली में उमडा समर्थकों का रेला देख प्रमुख विपक्षी दल सपा और भाजपा में खलबली का माहौल रहा। यहां बताना जरूरी होगा कि बसपा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया पिछले तकरीबन चार माह से मतदाताओं के बीच मेहनत में जुटी हैं। प्रत्याशी की मेहनत का रंग भी मतदाताओं के बीच चढता दिखने लगा है। मंगलवार को बसपा प्रत्याशी मंझनपुर चौराहा के एक-एक व्यापारी के यहां पहुंची। हालांकि इस दौरान उनके साथ भारी हुजूम भी रहा। जिस गली से नीला झंडा निकल रहा था एक बार लोग अपने घरों से निकलकर देखने को मजबूर हो रहे थे। बसपा का हुजूम चौराहा के अलावा मंझनपुर कस्बे के अंदर पहुंचा। एक-एक गली के अलावा हर घर में प्रत्याशी नीतू कनौजिया एक-एक मतदाताओं से सीधे रूबरू हुई मतदाताओं में भी बसपा के प्रति लहर साफ दिख रही थी। नीतू कनौजिया ने मतदाताओं से बसपा के लिए वोट मांगा। सबसे बडी बात यह थी भारी संख्या में मौजूद रहा हुजूम भी प्रत्याशी की तर्ज पर मतदाताओं से वोट की अपील कर रहा था। बसपा की यह रैली देख प्रमुख विपक्षी दल भाजपा और सपा की नींद उडा देने वाला था। प्रत्याशी नीतू कनौजिया ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि बहकने की जरूरत नहीं है इस बार आपकी बहन आप की सेवा के लिए आपके घर-घर दस्तक दे रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मै चुनाव के दौरान आप से सम्पर्क कर रही हूं उसी तरह आपका आशीर्वाद मिलने के बाद भी मै आपके यहां आती रहूंगी। इस मौके पर मंझनपुर चेयरमैन महताब आलम, पूर्व सभासद हसीना बानो, मो. अच्छन पूर्व प्रधान समदा, बंशीलाल चौधरी, सुधा देवी के अलावा हजारों की संख्या में महिला पुरुष समर्थक मौजूद रहे।



समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कर रही मंझनपुर भ्रमण

# व्यवस्था को धता बताकर प्रतिदिन चार चक्कर सड़कों पर दौड़ती हैं 30 अवैध बसें

## कौशांबी से लेकर प्रयागराज तक पुलिस थाना चौकियों में सेटिंग के चलते परिवहन विभाग को डग्गामार वाहन लगा रहे हैं लंबी चपत,शासन से लेकर डीजीपी तक देते हैं संगठित अपराध पर रोक लगाए जाने का निर्देश लेकिन पुलिस अधिकारी बने मूकदर्शक

अखंड ीारत संदेश

**कौशांबी।** संगठित अपराधों पर रोक लगाने में थाना पुलिस से लेकर पुलिस अधिकारी तक कितने लापरवाह बन गए हैं इसका जीता जागता उदाहरण कौशांबी प्रयागराज में देखा जा सकता है लेकिन थाना पुलिस की संलिप्तता होने के बाद भी प्रत्येक थाना चौकी पुलिस इमानदारी की दुहाई दे रहा है और आला अधिकारी थाना पुलिस चौकी के जिम्मेदारों की ईमानदारी की वाहवाही लूट रहे हैं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके जिले में संगठित अपराध नहीं हो रहा है जबकि यह सरासर झूठ है। कौशांबी जिले में संगठित अपराध के तमाम कारनामों में अवैध बसों के संचालन की चर्चा की जाए तो जिले के प्रत्येक सड़कों पर अवैध बसे बेखौफ तरीके से पूरे दिन दौड़ रही है अवैध बसों के संचालन में प्रत्येक थाना और पुलिस चौकी से कार खास सिपाहियों की ड्यूटी वसूली के लिए लगाई गई है सब कुछ खुलेआम हो रहा है लेकिन फिर भी अधिकारी मूकदर्शक बने हैं जिससे आम जनता तरह-तरह की चचाएं करने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि जनपद मुख्यालय मंझनपुर से प्रयागराज के लिए 30 अवैध बसें प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से देर रात तक सड़कों पर दौड़ती हैं मंझनपुर कोतवाली कादीपुर सिंधिया भरवारी मूरतगंज पुलिस चौकी चरवा पुरामुफ्ती थाना महगाव बम्हरौली पुलिस चौकी धूमनगंज कैंट खुल्दाबाद थाना पानी टंकी पुलिस यातायात पुलिस कौशांबी यातायात पुलिस प्रयागराज एआरटीओ कौशांबी एआरटीओ प्रयागराज सभी की ड्यूटी अवैध बसों को रोकने के लिए शासन ने लगाई है लेकिन उसके बाद भी इतनी बड़ी पुलिस फौज को पूरे दिन सड़कों पर दौड़ने वाली 30 अवैध बसे दिखाई नहीं पड़ती हैं सूत्रों की माने तो कौशांबी से लेकर इलाहाबाद तक 30 अवैध बसों के संचालन में 15 लाख रुपए महीने की आय से सभी थाना पुलिस चौकियों यातायात और एआरटीओ में हिस्सा बटवारा होता है बस मालिकों की बातों को भरोसा करें तो एक बस के संचालन में कौशांबी से लेकर इलाहाबाद तक 50 हजार रुपए प्रत्येक महीना पुलिस एआरटीओ और यातायात पुलिस तक पहुंचाया जाता है अब सवाल उठता है कि बेखौफ तरीके से बिना परमिट के 30 बसें सड़कों पर प्रतिदिन दौड़ रही हैं लेकिन पुलिस संगठित अपराध को रोकने के मामले में निरंकुश साबित हो रही है पूरी व्यवस्था ही दोषी साबित हो रही है लेकिन फिर भी डीजीपी से लेकर एडीजी तक संगठित अपराध रोकने की बड़ी बड़ी बात कर रहे हैं आखिर अवैध बसों के संचालन में लिप्त पुलिसकर्मियों पर आला अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे जनता इसका इंतजार कर रही है।

### सड़कों पर खड़े होकर भरते हैं सवारी

**कौशांबी।** पुलिसिया परमिट पर सड़कों पर चलने वाली प्राइवेट अवैध बसें सवारी चढ़ाने उतारने में बस को पटरी पर नहीं लगाते हैं बल्कि बीच सड़क पर जहां मर्जी हुई वहां बस को रोककर सवारी चढ़ाने उतारने लगते हैं इतना ही नहीं प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास और मंझनपुर भरवारी में यह बसे 15 मिनट सड़क पर खड़ी होकर खुलेआम सवारी चढ़ाते उतरते है लेकिन फिर भी पुलिस मौन है।

## कौशाम्बी में मनाया गया चिंतन दिवस

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय ओसा मंझनपुर में स्काउटिंग के संस्थापक स्वर्गीय राबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन पावेल का जन्म चिंतन दिवस और उनके धर्मपत्नी स्वर्गीय मिस आलेव सेंट क्लेयर सोम्स का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मंगलवार को मनाया गया मुख्य रूप से जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ट्रेडिंग काउंसलर वंदना कुशवाहा रेंजर प्रभारी डॉ रीता दयाल व रोवर रेंजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वजारोहण किया गया तथा जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने दोनों महान विभूतियों को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें मुख्य रूप से सम्मिलित हुए रोवर अमित ब्रह्मजीत अजय, विश्वकर्मा अरुण कुमार मानसून सुनील कुमार रेंजर मानसी केसरवानी राधा अंकिता ओझा प्रियांशी शुक्ला आकांक्षा अभिलाषा प्रीति दिव्या आदि रोवर रेंजर उपस्थित रह।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध असलहा के निर्माण एंव तस्करी के अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त आशीष सिंह उर्फ जूज्जू उर्फ अनिकेत सिंह पुत्र सूर्य प्रताप सिंह निवासी चिल्ला मुजफ्ता थाना पिपरी को वाहन चेकिंग के दौरान दूल्हापुर पुलिया से एक अदद तमंचा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 42 वाहनों का ई चालान किया गया।

## संपादक की कलम से

# पूर्वी यूरोप में तनाव

**यूक्रेन** की सीमाओं पर रूस की सेना की तैनाती के चलते लगातार पूर्वी यूरोप में तनाव की स्थिति बनी हुई है। रूस ने अपने सवा लाख सैनिकों की तैनाती को लेकर कहा है कि उसने अब उन्हें वापस बुलाना शुरू कर दिया है, लेकिन अमेरिका और नाटो देश इस बात पर भरोसा नहीं जता रहे हैं। ऐसे में यूक्रेन में लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है। रूस के बाद क्षेत्रफल की दृष्टि से यूक्रेन यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा देश है और उसका किसी भी पाले में जाना उस पक्ष को मजबूत करेगा। ऐसे में यूक्रेन बेहद अहम है और आने वाले दिनों में वैश्विक राजनीति के परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। खासतौर पर रूस के लिए यूक्रेन बेहद अहम हो गया है। रूस आने वाले दिनों में महाशक्ति बनेगा या फिर महज एक देश ही रह जाएगा। इसका फैसला यूक्रेन विवाद करने की ताकत रखता है। सोवियत संघ का हिस्सा रहे लिथुआनिया, लाटविया समेत रूस के कई पड़ोसी देशों को अमेरिका ने नाटो में शामिल कर लिया है। इसे रूस की घेरेबंदी के तौर पर देखा जाता है। इन देशों में पोलैंड, नॉर्वे, एस्टोनिया भी शामिल हैं। अब अमेरिका की नजर यूक्रेन को नाटो में शामिल करने पर है। इसी पर रूस को आपत्ति है और वह किसी भी तरह के युद्ध को टालने के लिए अमेरिका से यह गारंटी चाहता है कि वह यूक्रेन को नाटो में शामिल न करे। पिछले दिनों व्लादिमीर पुतिन ने सोवियत संघ के विघटन को दुखद करार दिया था। उनकी महत्वाकांक्षा यूक्रेन को रूस में शामिल करने की है। यदि ऐसा होता है तो रूस एक महाशक्ति के तौर पर उभरेगा, जो शीत युद्ध से पहले हुआ करता था। यदि यूक्रेन नाटो में जाता है तो फिर रूस के लिए बड़ा झटका होगा। यूक्रेन को दो हिस्सों पश्चिम और पूर्व में बांटकर देखा जाता रहा है। इसमें पूर्वी यूक्रेन पर रूस का बड़ा प्रभाव है और उसकी भाषा को समझने वाले लोगों की बड़ी संख्या है। यहां रूसी मूल के लोग अकसर यूक्रेन के खिलाफ विद्रोह करते रहे हैं। यही वजह है कि एक तरफ रूस की सेना यूक्रेन की सीमा पर डटी हैं तो वहीं अंदर से भी वह मजबूत है। ऐसे में यूक्रेन को रूस से अलग कर पाना पश्चिमी देशों के लिए आसान नहीं होगा।

# मतदान के पहले समझना होगा लुभावने वायदों का मर्म

**-डा. रवीन्द्र अरजरिया-**

**चुनावी** महासंग्राम में आम मतदाता को सब्जबाग दिखाने का क्रम थम नहीं रहा है। जिस क्षेत्र में ज्यों ही मतदान की तारीख नजदीक आती है त्यों ही वहां के लोगों को मुफ्त सुविधायें देने, तनख्वाह में बढोत्तरी करने और रोजगार मुहैया कराने के जैसे वायदों की होड लग जाती है। यह वायदा-षडयंत्र भी कोरोना की तरह रफ्तार पकडने लगा है। हरामखोरी की आदतें जड़ जमाने के लिए तैयार खडीं हैं। कथित गरीबों की सूची निरंतर बढती जा रही है। उसमें नामों को जोडने से लेकर कटने से बचाने तक का सुविधा शुल्क निर्धारित होने की चचार्यें जोरों पर हैं। वास्तिवकता तो यह है कि आज देश में शायद ही कोई गरीब होगा। गरीबों को भोजन देने की नियत से निकले व्यक्ति को पूरे शहर में घूमने के बाद भी यदि कोई व्यक्ति मिल जाये तो भाग्य ही है। भीख मांगने का धंधा करने वाले भी अब भोजन के स्थान पर रुपयों की मांग करने लगे हैं। कोरोना के नाम पर मुफ्त में बांटा जाने वाले सामान की खुले बाजार में बिक्री की अनेक घटनायें उजागर हो चुकीं हैं। फिर वायदों की मृगमारीचिका आखिर किसके लिए फैलाई जा रही है। निश्चित है कि हरामखोरी करने वाले मक्कार लोगों की जमात के लिए। इस पूरे मायाजाल के अंदर जाने पर स्पष्ट दिखाई देता है कि जितनी भी सुविधायें मुफ्त में देने की योजनायें लागू होतीं है, मंहगाई उतनी ही तेजी से बढ़ती है।



वेतन बढाने के साथ ही वस्तुओं का मूल्य आसमान छूने लगता है। वस्तुओं के मूल्य निर्धारण के लिए उत्तरदायी विभाग ने कर्तव्यों के प्रति उपेक्षा और अधिकारों के प्रति सजगता दिखाने की अपनी आदत में तो अब चार चांद भी लगा लिये हैं। वर्तमान में हालात यह है कि चार-पांच माह की कडी मेहनत से साग-भाजी उगाने वाले लोगों को एक किलो टमाटर के दाम केवल 10 रुपये मिल रहे हैं। बीच के दलाल उसी 10 रुपये के टमाटर को महानगरों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। छः माह जी-तोड मेहनत करके आनाज पैदा करने वाले किसानों को एक किलो आनाज के बदले में मात्र 21 रुपये ही प्राप्त हो रहे हैं। जिन वस्तुओं से शरीर की सांसों को निरंतर रखा जा सकता है, आज उसी का वरदान देने वालों की हथेली पर चन्द सिक्के ही आ रहे हैं। उन्हें साइकिल का पंचर जुडवाने में पसीना आ जाता है। जबकि दूसरी ओर भौतिक सुख परोसने वालों की अट्टालिकायें तो अब शीशमहल में बदलती चलीं जा रहीं है। कारों का कारोबार तो दूर की बात आज दो पहिया वाहनों की कीमत ही लाख रुपये से ज्यादा हो गई है। इनमें निरंतर भरवाये जाने वाले पेट्रोल का खर्जा अलग से। मरम्मत, सर्विसिंग आदि की समस्यायें तो साथ में ही आतीं हैं। वास्तविकता यह है कि शरीर की आवश्यकता की पूर्ति कराने वालों को निरंतर दयनीय बनाने का कुचक्र चल रहा है जबकि शरीर को सुख के दलदल में फंसाने वालों को चांदी की कटोरियों में भोजन करते रहने के अवसर दिये जा रहे हैं। सरकारों व्दारा वोट बैंक में इजाफा करने हेतु एक खास वर्ग को मुफ्त में दी जाने वाली सुविधायें वास्तव में आने वाले समय में टैक्स की बाढ होती है। सरकारें अपने खजाने को टैक्स, जुमार्ना, शुल्क के रूप में होने वाली आय से भरती है। इस धनराशि को जुटाने हेतु ईमानदार करदातों की मेहनत की कमाई में खूनी सैंध लगाई जाती है। निरीह लोगों को कानून का डंडा मार-मारकर लहूलुहान करने की परम्परा हमारे देश में आक्रान्ताओं की आमद के साथ ही शुरू हो गई थी। स्वाधीनता के बाद से निरंतर उसी धर्म का निर्वहन किया जा रहा है। कुल मिलाकर ईमानदार करदाताओं का गला दबाने के बाद खून में सने पैसों से हरामखोरों के लिए भौतिक सुविधायें बांटने का ढिंढोरा है मुफ्त सुविधायें देने के चुनावी वायदे। राजनैतिक दलों के व्दारा वास्तविकता छुपाकर आम आवाम को निरंतर गुमराह किया जाता रहा है। लोगों की नासमझी का लाभ उठाने वाले लोग पर्दे के पीछे से स्वयं के लाभ का रास्त खोज निकालते हैं। नागरिकों को लाभ देने की प्रत्यक्ष घोषणा के पीछे उनका निजी स्वार्थ ठहाके लगा रहा होता है, जिसकी गूंज किसी को सुनाई नहीं देती। विकास के नाम पर एक ही रास्ते पर अनेक बार सडकों का निर्माण करने के प्रमाण आज भी जमीन के नीचे दफन हैं। यह दस्तावेज आने वाले समय के मोहनजोदडों हडप्पा जैसी खुदाई में निश्चित रूप से सामने आयेंगे। चुनावों के परिणाम आने के बाद नव-निर्वाचित सरकारें अपनी प्राथमिकताओं का गुप्त एजेन्डा तैयार करेंगी। सत्ताधारी दल की मानसिता से जुडे खास प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को योजनायें बनाने, योजनाओं का मनचाहा क्रियान्वयन करने और पूर्व निर्धारित आंकडों का प्रचार करने की मुहिम में लगा दिया जायेगा ताकि निकट भविष्य में देश के अन्य स्थानों पर होने वाले चुनावों में माडल-रोल निभाया जा सके। ऐसे में सरकार के अनेक स्थाई कर्मचारी-अधिकारियों को लाभ के विस्त्रित अवसर प्राप्त होंगे। खद्दर के संरक्षण में चलने वाली आउट सोसिंग की कम्पनियों को सरकारी कामों में जोडा जायेगा।

आउट सोसिंग के नाम पर बेराजगारी हटाने के नये आंकडे सार्वजनिक करके स्वयं की पीठ ठोकने हेतु सरकारी विज्ञापनों को होडिंग्स के रूप में जगह-जगह टंगवाया जायेगा। इस काम में भी कुछ खास एड-एजेन्सियां ही सक्रिय होंगी। मगर काम का बोझ केवल और केवल बेचारे संविदाकर्मियों या फिर दैनिक वेतन पर लगये गये लोगों की पीठ पर प्रताडना की हद तक लादा जायेगा। उनसे संविदा समाप्ति की धमकी और दैनिक काम न देने की प्रताडना देकर दिन-रात काम करने के लिए बाध्य किया जायेगा। भ्रष्टाचार के आरोपों का ढीकरा भी संविदाकर्मियों या दैनिक वेतन भोगियों पर फोड कर स्थाई कर्मचारी-अधिकारी बच निकलेंगे। अभी तक ऐसा ही होता आया है।

# मातृभाषा संस्कृति की परिचायक

**-भूपेंद्र कुमार सुल्लेरे-**

**किसी भी राष्ट्र,समाज की स्थानीय भाषा (मातृ**भाषा) उस समाज के संस्कृति की परिचायक ही नहीं बल्कि आर्थिक संपन्नता का आधार भी होती है। मातृभाषा का नष्ट होना राष्ट्र की प्रासंगिकता का नष्ट होना होता है। मातृभाषा को जब अर्थव्यवस्था की दृष्टि से समझने की कोशिश करते हैं तो यह अधिक प्रासंगिक और समय सापेक्ष मालूम पड़ता है। किसी भी समाज की संस्कृति समाज के खानपान और पहनावे से परिभाषित होती है, यही खानपान और पहनावा जब अर्थव्यवस्था का रूप ले लेता है तो यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।

मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित भी करती है। मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल की उद्गम होती है। एक कुशल संप्रेषक अपनी मातृभाषा के प्रति उतना ही संवेदनशील होगा जितना विषय-वस्तु के प्रति। मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है। मातृभाषा से इतर राष्ट्र के संस्कृति की संकल्पना अपूर्ण है। मातृभाषा मानव की चेतना के साथ-साथ लोकचेतना और मानवता के विकास का भी अभिलेखागार होती है। शब्दों के अस्मिता की पड़ताल के दौरान लोक के अभिलेखागार को देखा जा सकता है। कबीर ने लिखा ह्यचलती चक्की देख कर, दिया कबीरा रोए, दो पाटन के बीच में, साबुत बचा न कोएह्ल; यहां कबीर का यह दोहा अभिलेखागार है उस लोक का जहां चक्की का अस्तित्व था। अर्थात अब घरों में चक्की भले न मिले लेकिन उसका अनुभव भाषा के माध्यम से मिल जाएगा। भाषा ही हमें बता रही होती है कि कभी हमारे घरों में चक्की हुआ करती थी जिससे अनाज पिसा जाता था।

हम लोग अपनी प्रकृति से सीखते गए, उसको अभिव्यक्ति करते गए, उसको संप्रेषित करते गए क्योंकि हमको पता था कि अपने आने वाली पीढ़ियों को अपने अनुभव देना आवश्यक है। हम द्वार पर पानी दवारते हैं, दवारना शब्द को जायसी अपनी रचना में इस्तेमाल करते हुए ह्यदवंगराह्ल कहते हैं। पहली वर्षा को भी ह्यदवंगराह्ल कहा जाता है। इस प्रकार यह सब उस समय की लोक चेतना को प्रदर्शित करता है।

आज डिफेंस और डिजास्टर के समझ को लेकर जनजातियों की प्रासंगिकता उनकी मातृभाषा के कारण ही है। अंडमान निकोबार के जारवा जनजाति की अपनी डिजास्टर संचार व्यवस्था रही होगी क्योंकि सुनामी तो हजार सालों में एक बार आती होगी लेकिन उनकी अपनी मातृभाषा के कारण संचार व्यवस्था संरक्षित रही। यहां अगर उनकी मातृभाषा बदल दी गई होती तो उनका ज्ञान भी मिट गया होता। यही कारण है कि डिजास्टर मैनेजमेंट का ह्यलाइफ फ्लेम वन 2016ह्ल स्थानीय ज्ञान के महत्व की बात करता है, जो स्थानीय भाषा से ही संभव है।

विचार कीजिए कि अगर अमेरिका गया भारतवासी अपने किचन में अपनी भाषा प्रयोग में लाता तो उसका पोहा भी प्रयोग में आता है और जब पोहा प्रयोग में आता तो उसको बनाने वाले कारीगर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से बुलाते जाते, उन्हें रोजगार मिलता, रोजगार मिलने से वह संपन्न होते और कारीगर संपन्न होते तो देश और समाज भी संपन्न होता।

भाषा का जटिल और आसान होना उसके प्रयोग पर निर्भर करता है। जिन घरों में माता जी और पिता जी के स्थान पर मॉम और डैड जैसे शब्द प्रयोग हो रहे हैं वहां माताजी और पिताजी ज्यादा कठिन प्रतीत होने लगता है। यह भाषा के प्रयोग और परिणाम का स्पष्ट संकेत है। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने लिखा है-ह्यनिज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटन न हिय के सूलह्ल। अर्थात मातृभाषा के बिना किसी भी प्रकार की उन्नति संभव नहीं है। भारतेंदु जब यह कविता लिख रहे हैं तो वह सिर्फ कवि नहीं बल्कि नवजागरण के चिंतक भी हैं। नवजागरण मतलब समाज को नए तरीके से जगाने की प्रक्रिया। भारतेंदु उस समय के भारत को जगाने का प्रयास कर रहे थे, जो सोया हुआ था। देश को जगाने की चिंता में उनको ह्यनिज भाषा कीह्ल, मातृभाषा की चिंता हो रही थी क्योंकि मातृभाषा ही उनकी अस्मिता है, उनके पूर्वजों का अनुभव है। इसलिए राष्ट्र का निर्माण बिना मातृभाषा के संभव नहीं हो सकता।

भारतीय नवजागरण की चिंता में भाषा की चिंता पहली चिंता थी। यह चिंता केवल भारतेंदु की नहीं थी बल्कि राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, तिलक और दयानंद सरस्वती की भी थी। दयानंद सरस्वती के सत्यार्थ प्रकाश का 10वां नियम ही ह्यहिंदी भाषा को बढ़ावा दिया जाएह्ल पर आधारित है। जिस भी देश में नवजागरण का आह्वान किया गया है उस देश में भाषा के संरक्षण की बात कही गई है। बिना मातृभाषा के आप अपने अनुभव को, अपनी अस्मिता को सुरक्षित नहीं कर सकते।

अतः मातृभाषा के महत्व को इस रूप में समझ सकते हैं कि अगर हमको पालने वाली, ह्यमाँह्ल होती है; तो हमारी भाषा भी हमारी माँ है। हमको पालने का कार्य हमारी मातृभाषा करती है इसलिए इसे ह्यमांह्ल और ह्यमातृभूमिह्ल के बराबर दर्जा दिया गया है।

# उप्र की चुनावी राजनीति में महिलाओं की भूमिका

**-डॉ. निहारिका तिवारी-**

**उत्तर प्रदेश** को भारतीय राजनीति के हृदय के रूप में देखा जाता है। इस प्रदेश में होने वाले चुनावी बदलाव, सम्पूर्ण देश की राजनीति को प्रभावित करते हैं। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश नयी विधानसभा के गठन की ओर अग्रसर है। इन दिनों प्रदेश में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं और 10 मार्च को चुनाव के परिणाम घोषित किये जाएंगे। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में लगभग पचास प्रतिशत महिलाएँ हैं। हमारे देश, यदि हम उत्तर प्रदेश की बात करें तो राज्य, की उन्नति एवं बहुमुखी विकास काफी हद तक महिला-शक्ति पर निर्भर है। यही कारण है कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दल महिलाओं को आकर्षित करने के लिए तरह- तरह के प्रयास करते हैं। वर्तमान चुनाव को मद्देनजर रखते हुए यदि हम उत्तर प्रदेश की विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विश्लेषण करें तो स्पष्ट होता है कि प्रथम विधानसभा से लेकर वर्तमान तक, प्रदेश का महिला प्रतिनिधित्व कभी भी दस प्रतिशत के आँकड़े से ऊपर नहीं पहुँच सका। 2017 में गठित 403 सदस्यों वाली विधानसभा में से 40 महिला सदस्य रही, जबकि 2012 में यह संख्या 35 थी। यदि हम इस परिदृश्य का विश्लेषण करें तो स्पष्ट होता है कि यद्यपि महिलाओं की



सहभागिता का ग्राफ निरंतर बढ़ता रहा है परंतु चिंताजनक विषय यह है कि इसकी गति अत्यधिक धीमी है। इसके साथ ही एक सामान्य पृष्ठभूमि की महिला के लिए चुनाव लड़ पाना आज भी अत्यधिक चुनौतियों से भरा हुआ है। इस संदर्भ में यह कहना सर्वथा उचित होगा कि प्रायः राजनीतिक दल पूर्व से मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि वाली महिलाओं को चुनावी-रण में उतारते हैं, परिणामस्वरूप सामान्य महिला की राजनीति में सहभागिता प्रायः परिवार द्वारा निर्धारित राजनीतिक दल को मतदान करने मात्र से ही सम्पन्न हो जाती है। क्योंकि चुनावी रणनीति के तहत टिकट का बँटवारा एक व्यक्ति के विजयी होने की क्षमता एवं जातीय समीकरणों पर आधारित होता है, परिणामस्वरूप लैंगिक समानता जैसे मुद्दे हाशिए पर चले जाते हैं। फिलहाल, इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश एवं राज्य स्तर पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गये हैं जिनसे महिलाओं की राजनीति में सहभागिता बढ़ी है। उदाहरण के लिए, हमारे संविधान में सभी अट्ठारह वर्ष प्राप्त लोगों को मतदान करने का अधिकार वयस्क मताधिकार के तहत प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, इसी प्रकार महिलाओं से जुड़े मुद्दे जैसे महिला सुरक्षा, शिक्षा स्वास्थ्य इत्यादि शनैः-शनैः राजनीतिक मुद्दों में शामिल हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश की आगामी सत्रहवीं विधानसभा में भारतीय चुनाव आयोग ने लैंगिक समानता के मुद्दे को प्राथमिकता देते हुई पूर्णतया महिलाओं द्वारा प्रबंधित पोलिंग बूथ स्थापित किए हैं। यह उत्तर प्रदेश सहित सभी पाँच राज्यों जिनमें चुनाव चल रहे हैं, उनके लिए अनिवार्य है। ऐसे पोलिंग बूथ पर सुरक्षा एवं पुलिस व्यवस्था सभी कार्य महिलाओं द्वारा किए जाएँगे। यह कदम निश्चित रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यदि हम राजनीतिक दलों के नजरिए से देखें तो, उत्तर प्रदेश के कुल 150 मिलियन मतदाताओं में लगभग 69 मिलियन महिला मतदाता शामिल हैं। यदि हम 2014 के लोकसभा चुनाव से प्रारम्भ कर 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव एवं हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का विश्लेषण करें तो स्पष्ट होता है कि चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं ने चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का अभूतपूर्व कार्य किया है। यही वजह है कि, उत्तर प्रदेश चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी एवं समाजवादी पार्टी सभी महिलाओं को अपनी तरफ शामिल करने हेतु प्रयत्नशील हैं।

# सोशल मीडिया का विष-वमन

**-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-**

**सोशल** मीडिया आज की जिंदगी में इतना महत्वपूर्ण बन गया है कि कई लोग 5 से 8 घंटे रोज तक अपना फोन या कंप्यूटर थामे रहते हैं। यदि हम मालूम करें कि वे क्या पढ़ते और देखते रहते हैं तो हमें आश्चर्य और दुख, दोनों होंगे। ऐसा नहीं है कि सभी लोग यही करते हैं। सोशल मीडिया की अपनी उपयोगिता है। गूगल तो आजकल विश्व महागुरु बन गया है। दुनिया की कौन-सी जानकारी नहीं है, जो पलक झपकते ही उस पर नहीं मिल सकती। गूगल ने दुनिया से शब्द-कोशों, ज्ञान ग्रंथों और साक्षात गुरुओं का स्थान ग्रहण कर लिया है। उसके माध्यम से करोड़ों लोगों तक आप चुटकी बजाते ही पहुंच सकते हैं लेकिन इसी सोशल मीडिया ने भयंकर एंटी-सोशल भूमिका निभानी भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया के जरिए न केवल झूठी अफवाहें फैलाई जाती हैं बल्कि अपमानजनक, अश्लील, उत्तेजक और घृणित सामग्री भी फैलाई जाती है। इसके कारण दंगे फैलते हैं, भयंकर जन-आंदोलन उठ खड़े होते हैं और राष्ट्रों के




बीच जहर भी फैल जाता है। सोशल मीडिया के जरिए सबसे विनाशकारी काम बच्चों के विरुद्ध होता है। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने मोबाइल फोन के जरिए दिन भर अश्लील चित्रों और दृश्यों को देखते रहते हैं। वे गंभीर अपराध करने के गुर भी इसी से सीखते हैं। कई किशोर इंटरनेट के आदेशों का पालन इस हद तक करते हैं कि वे आत्महत्या तक कर लेते हैं। पिछले साल भर में ऐसी कई खबरें भारत के अखबारों और टीवी चैनलों पर देखने में आई हैं। बच्चों को संस्कारविहीन बनाने में सोशल मीडिया का विशेष योगदान है। वे अपनी पढ़ाई-लिखाई में समय लगाने के बजाय अश्लील चित्र-कथाओं में अपना समय बर्बाद करते हैं।

बैठे-बैठे लगातार कई घंटों तक कंप्यूटर और मोबाइल देखते रहने से उनकी शारीरिक गतिविधियां भी घट जाती है। उसका दुष्परिणाम उनके स्वास्थ्य पर भी प्रकट होता है। वे निष्क्रियता और अकर्मण्यता के भी शिकार बन जाते हैं। भारत में अभी यह जहरीली बीमारी बच्चों में थोड़ी सीमित है लेकिन अमेरिका और यूरोप के बच्चे बड़े पैमान पर इसके शिकार हो रहे हैं।

# हिजाब जरुरी है या किताब

**अनूप पौराणिक**

**हिजाब अरबी भाषा का शब्द है जिसका** अर्थ आड़, ओट या अवरोध है। ये दो जेंडर के बीच अवरोध के लिए उपयोग किया गया है ताकि एक जेंडर दूसरे के सामने ऐसे न आए की उसे किसी तरह का नुकसान पहुंचे। जैसे अगर ट्रेन में महिलाओं के लिए एक अलग कोच लगाया जाता है तो वो हिजाब है। उसका आशय किसी कपड़े से नहीं है जैसा की मुझे एक इस्लामिक विशेषज्ञ से पता चला। मॉर्डन अर्थ पर जाएं तो कुछ मुस्लिम महिलाएं सर ढकने के लिए जो कपड़ा पहनती हैं उसे हिजाब कहा जाता है। वैसे इतिहासकारों की माने तो फिलहाल जिस हिजाब पर बहस छिड़ी है उसका प्रचलन साउथ ईस्ट एशिया से आया है जो कि लगभग तीन- चार दशक पहले ही शुरू हुआ क्यूंकि वहां इसी दौरान सबसे अधिक मुस्लिम धर्म का प्रसार हुआ है। मलेशिया और इंडोनेशिया में महिलाओं ने इसका उपयोग अपनी सुविधा के लिए शुरू किया ताकि उन्हें बुर्का या चादर न पहनना पड़े उसके बाद ये पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया क्यूंकि इसे धारण करना सुविधा पूर्ण था।

हिजाब वर्तमान में बहुत चर्चा में है क्योंकि पिछले दिनों कर्नाटक के उडुपी का एक वीडियो वायरल हुआ जिसके बाद पूरे भारत में एक नया विवाद शुरू हो गया। वैसे गौरतलब है की ये मामला अभी का नहीं है बल्कि दिसंबर से चल रहा है जब कर्नाटक के एक कॉलेज ने परिसर में (जैसे कि हर स्कूल कॉलेज में होता है) में तो छात्राओं को हिजाब पहनने की अनुमति दी मगर कक्षा में पढ़ाई करने की अनुमति नहीं दी। 21 दिसंबर से छात्राओं ने ये मांग उठाई कि उन्हें कक्षा में हिजाब पहनना है और कॉलेज प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने पर धरने पर बैठ गई। वहीं इस पर कॉलेज प्रशासन का कहना है कि जो लड़कियां विरोध कर रहीं हैं वो दरअसल सिमी से जुड़े छात्र संगठन कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़ी हैं। जिस पर सरकार बैन लगाने की तैयारी में है। उसके बाद कुछ दिनों पहले मामले ने मजहबी रंग ले लिया।

ये तो हुई विवाद की बात जिसे हमने समझा मगर वर्तमान भारत में जहां हम लिंग भेद का विरोध करते हैं और समानता के अधिकार के लिए लड़ाई रहे हैं वहां क्या वाकई इस तरह के विवाद के कोई मायने हैं। भारत वो देश है जहां एक राष्ट्र एक कानून पर विचार किया जा रहा है। हम सब अपने राष्ट्र को विकसित करने का और तरक्की का सपना देखते हैं तो फिर गमछा या हिजाब पर विवाद क्यों। अगर संविधान में सबको बराबरी का अधिकार दिए जाने की बात कही गयी है ।

# संकीर्णता व दोहरेपन का शिकार प्रवासी मुद्दा

**-तनवीर जाफरी-**

**भारतीय** संविधान देश के किसी भी राज्य अथवा किसी भी केंद्र शासित प्रदेश के किसी भी नागरिक को देश के किसी भी राज्य अथवा किसी भी केंद्र शासित प्रदेश में जाकर रोजगार,सेवा अथवा व्यवसाय करने का पूरा अधिकार देता है। परन्तु इसके बावजूद समय समय पर कुछ विशिष्टजन विशेषकर जिम्मेदार नेतागण ऐसी भाषा बोलने लगते हैं जिससे न केवल प्रवासी लोगों के मन में अपनी सुरक्षा के प्रति भय उत्पन्न होता है बल्कि इससे हमारी राष्ट्रीय एकता पर भी गहरा आघात लगता है। प्रायः उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,बंगाल,राजस्थान व उत्तरांचल के लोग ही रोजगार की तलाश में अथवा नौकरी या व्यवसाय की खातिर देश के विभिन्न हिस्सों में आते जाते रहते हैं। इनमें भी विशेषकर उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे देश के दो सबसे बड़े राज्यों के छात्र,कामगार,श्रमिक खास तौर पर मुंबई,दिल्ली,पंजाब व हरियाण जैसे राज्यों में बहुतायत में जाते हैं।इसका मुख्य कारण जहाँ इन राज्यों का जनसँख्या घनत्व है वहीँ अशिक्षा व बेरोजगारी भी इन राज्यों की बड़ी समस्या है। इत्तेफाक से यही देश के ऐसे दो बड़े राज्य भी हैं जो हमेशा ही देश को सबसे अधिक संख्या में नौकरशाह मुहैय्या करवाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी प्रायः इन्हीं राज्यों का वर्चस्व रहा है। अनेक महापुरुष व राजनेता इन्हीं दो राज्यों के रहे हैं। कितने सौभाग्यशाली है उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्य की धरती कि यह भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह,संत रविदास,महात्मा बुद्ध,कबीर,तुलसी व कई अन्य महापुरुषों की यह जन्म व कर्मस्थली भी रही है। परन्तु कितने दुःख का विषय है कि इन्हीं राज्यों के लोग समय समय पर कुछ संकीर्ण क्षेत्रीय मानसिकता रखने वाले नेताओं की संकीर्ण सोच व तंग नजरी का शिकार होने लगते हैं। और कभी कभी तो ऐसा भी देखा गया है कि यदि अपराधी प्रवृति के किसी प्रवासी ने कहीं कोई अपराध अथवा दुष्कर्म कर दिया तो स्थानीय लोग उसका गुस्सा पूरे प्रवासी समाज पर उतारने पर आमादा हो जाते हैं। उदाहरण के तौर पर सितंबर 2018 में गुजरात राज्य के साबरकांठा में एक मासूम बच्ची के साथ एक मजदूर ने बलात्कार किया था। बलात्कार का आरोपी बिहार का रहने वाला था। इस घटना के बाद गुजरात के कई शहरों में उत्तर भारत के लोगों के विरुद्ध न केवल विरोध-प्रदर्शन हुये बल्कि कई जगह उनके विरुद्ध स्थानीय लोगों की भीड़ हिंसक भी हो गयी। हिंसा पर उतारू भीड़ का कहना था कि यूपी और बिहार के लोग शहर से चले जाएं वरना उन्हें मार दिया जाएगा। वे कहते सुने जा रहे थे कि 'बाहरी लोग राज्य छोड़ दें' साथ ही यह भी कि 'गुजराती लोगों को बचाया जाना चाहिए'। इस हिंसा के बाद डरे सहमे उत्तर भारतीयों ने अपने-अपने राज्य-घर-गांवों की ओर बड़ी संख्या में पलायन करना शुरू कर दिया था। उत्तर भारत के बेगुनाह लोगों पर हुए इस हमले के बाद बिहार व उत्तर प्रदेश के लोगों ने कई जगह प्रदर्शन किया था तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध पोस्टर लगाये थे जिसमें लिखा था - ह्यगुजराती नरेंद्र मोदी बनारस छोड़ोह्ल। इन दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उत्तर भारतीयों के बारे में दिये गये एक बयान को लेकर भाजपा विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोल दिया। चन्नी ने कहा था कि - प्रियंका पंजाबियों की बहू है। यूपी ,बिहार, दिल्ली के लोगों को यहां राज नहीं करने देना। यूपी के भइयों को पंजाब में फटकने नहीं देना है। बाद में भले ही चन्नी यह सफाई देते रहे कि उनका आशय आम आदमी पार्टी के नेताओं से था,परन्तु तब तक राजनीति के महाचतुर खिलाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चन्नी के यू पी बिहार वाले बयान को गुरु गोविन्द सिंह व संत रविदास के अपमान से जोड़ चुके थे। परन्तु जब गुजरात,कश्मीर और महाराष्ट्र से इन्हीं भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह, संत रविदास,महात्मा बुद्ध,कबीर व तुलसी के राज्यों के लोग मारे-पीटे-दुत्कारे व भगाये जा रहे थे।

## आईएसएल : ओडिशा की उम्मीदें खत्म, बेंगलुरू की बरकरार

**गोवा।** बेंगलुरू एफसी ने संघर्ष भरी जीत से हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। पूर्व चैम्पियनों ने सोमवार रात बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए रोमांचक लीग मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ओडिशा एफसी को 2-1 हरा दिया। मैच में एक गोल करने और शानदार प्रदर्शन के लिए बेंगलुरू के मिडफील्डर दानिश फारुख को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। अपनी आठवीं हार के बाद ओडिशा की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें अब खत्म हो गई हैं। स्पेनिश कोच किनो गार्सिया की टीम 18 मैचों से 22 अंक लेकर सातवें पायदान पर बरकरार है। वहीं, अपनी सातवीं जीत के कारण बेंगलुरू अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगाकर पांचवें पायदान पर पहुंच गई है। कोच मार्को पेजैउओली की टीम 18 मैचों में सात जीत और पांच ड्रा से 26 अंक जुटा चुकी है। मैच का पहला गोल आठवें मिनट में आया, जब विंगर नंदाकुमार सेकर ने ओडिशा एफसी को 1-0 की शुरूआती बढ़त दिला दी। इस्साक छक्छुआकी के थ्रू-पास को डिफेंडर प्रतीक चौधरी ब्राजीली स्ट्राइकर जोनाथस क्रिस्टिआन के पास जाने से नहीं रोक सके। जोनाथस ने बॉक्स के अंदर से शॉट लगाया लेकिन बेंगलुरू के गोलकीपर लारा शर्मा ने बेहद करीब आकर बॉडी ब्लॉक करके इस प्रयास को रोक दिया। लेकिन रिबाउंड पर गेंद नंदाकुमार के पास पहुंची और उन्होंने बिना कोई गलती किए राइट फुटर शॉट लगाया और दो डिफेंडरों के बीच से होते हुए गेंद गोलजाल में उलझ गई।31वें मिनट में मिडफील्डर दानिश फारुख ने हैडर से गोल करके बेंगलुरू एफसी को 1-1 की बराबरी दिला दी। दाहिने फ्लैंक से कॉर्नर किक पर रोशन नाओरम ने सटीक शॉट से सेकेंड पोस्ट की तरफ गेंद पहुंचाई, जिसे ओडिशा के गोलकीपर कमलजीत सिंह पंच करने में विफल रहे और दानिश ने हैडर से नियरपोस्ट को टारगेट करते हुए गोल कर दिया। 49वें मिनट में बेंगलुरू के ब्राजीली कप्तान क्लीटन सिल्वा ने पेनाल्टी किक को गोल में तब्दील करके अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। उन्होंने राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के बायीं तरफ डाल दिया जबकि गोलकीपर कमलजीत सिंह गलत अनुमान लगाकर विपरीत दिशा की ओर डाइव लगा बैठे। बेंगलुरू के यह सुनहरा अवसर उस समय मिला जब बायीं तरफ से बॉक्स के अंदर गेंद लेकर घुस चुके विंगर उदांता को पीछे से गिराकर ओडिशा के राइट-बैक लालरुआथारा ने फाउल कर दिया और रैफरी सेंथिल नाथन ने पेनाल्टी किक देने में कोई देरी नहीं की। इस परिणाम के बाद सीजन में दोनों टीमों के बीच मुकाबलों में पलड़ा बराबरी पर रहा। क्योंकि पिछली बार पहले चरण में जब ये दोनों टीमें भिड़ी थीं, तो ओडिशा 3-1 से जीती थी।

## एसएसबी लखनऊ ने जीती राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता

**प्रयागराज।** नैनी स्थित एडीए कॉलोनी में डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के तत्वावधान में शिवाजी खेलकूद जनहित समिति द्वारा आयोजित तृतीय शिवाजी ह्लराज्यस्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिताह्न सम्पन्न हुई। इसमें एसएसबी लखनऊ ने गाजीपुर की टीम को पराजित कर राज्यस्तरीय वॉलीबाल की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। लीग कम नाक आउट सिस्टम से खेली गई प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) लखनऊ और गाजीपुर जनपद की टीम के बीच पांच सेटों में खेला गया। इसमें एसएसबी लखनऊ ने गाजीपुर जनपद की टीम को 25-23, 24-26, 25-22 और 25-21 अंको से हराकर शिवाजी राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीत ली। विजेता टीम के राकेश कुमार, चंद्र प्रकाश गुप्ता व ज्योयस जोस तथा उपविजेता टीम के अमृत राय, जय किशन व हसनैन का खेल विशेष रूप से सराहनीय रहा। इसके पूर्व खेले गए प्रथम सेमीफाइनल के मैच में एसएसबी लखनऊ की टीम ने देव स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम को 25-23 और 25-21 अंकों से हराया। इसी प्रकार दूसरे सेमीफाइनल में गाजीपुर जनपद की टीम ने प्रधान डाकघर (पोस्टल) प्रयागराज की टीम को 25-21 और 25-18 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता में नेशनल रेफरी अल्ताफ अली, हरिशंकर सिंह, आनंद शर्मा, मुकेश शुक्ला, सुरेंद्र सिंह और संतोष भास्कर ने निर्णायक की भूमिका अदा की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व डीवीए प्रयागराज के चेयरमैन जार्डन.एच.नाथ ने की। मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार विजेता टीम के राकेश सिंह को एवं मैन ऑफ दी टूनामेंट का पुरस्कार उपविजेता टीम के खिलाड़ी हसनैन को दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव दमन सिंह ने प्रतियोगिता में आए हुए सभी अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सप्लाई इंस्पेक्टर प्रयागराज श्रीमती अरुणा तिवारी, विद्या उपाध्याय, शाहिद कमाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला वॉलीबाल संघ, प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने समस्त खिलाड़ियों व अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन रामाश्रय राय व ब्रह्मानंद मिश्रा ने किया।

## इरफान ने की अय्यर की तारीफ, कहा- वह श्रृंखला के सकारात्मक पहलू हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वेंकटेश अय्यर की प्रशंसा की और कहा कि ऑलराउंडर श्रृंखला में उनके लिए सबसे बड़े सकारात्मक पहलू हैं। इरफान पठान ने ट्वीट किया, "गेंदबाजों ने लगातार दो मैचों में गीली गेंद से लक्ष्य का बचाव किया। एक गेंदबाज की कमी के साथ इस श्रृंखला को जीतना विशेष था। कप्तान रोहित शर्मा गेंदबाजों के प्रबंधन में शानदार थे।" एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, "वेंकटेश अय्यर मेरे लिए सबसे बड़े सकारात्मक पहलू थे, जहां तक इस श्रृंखला में बल्लेबाजी की चिंता है, वह नंबर 6 पर लचीलापन देते हैं।"बता दें कि टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में 17 रन से हराकर 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। वेस्टइंडीज को जीतने के लिए 185 रन चाहिए थे, जिसके जवाब में वींडिज की टीम 9 विकेट पर 167 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। निकोलस पूरन (61) शीर्ष स्कोरर रहे। भारत की ओर से हर्षल पटेल और शार्दूल ठाकुर ने 3-3 विकेट चटकाए। इससे पहले टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव (65) शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि वेंकटेश अय्यर ने 35 रन की नाबाद पारी खेली। विंडीज की ओर के जेसन होल्डर, रोस्टन चेज, हेडन वॉल्श, रोमारियो शेफर्ड और डोमिनिक ड्रेक्स ने 1-1 विकेट लिया।

# सीबी के मुख्य चयनकर्ता नियुक्त हुए नूर-उल-हक मलिकजई

**काबुल।** अफगानिस्तान के मध्य क्रम के पूर्व बल्लेबाज नूर-उल-हक मलिकजई को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है।

नूर-उल-हक मलिकजई तीन महीने से अधिक समय से अस्थायी तौर पर एसीबी की सेवा कर रहे थे और अब उन्हें आधिकारिक तौर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसीबी के सीईओ नसीब खान ने एक बयान में कहा, "मलिकजई का कार्यवाहक मुख्य चयनकर्ता के रूप में काफी प्रभावशाली



कार्यकाल रहा है और उन्होंने अंडर-१९ एशिया कप और विश्व कप के लिए टीमों के चयन के साथ-साथ नीदरलैंड और बांग्लादेश श्रृंखला के लिए हमारे हालिया टीम चयन के दौरान बहुत अच्छी भावना दिखाई है, मैं उन्हें बधाई देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।" एसीबी के अनुसार, मलिकजई एक पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने २ एकदिवसीय मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और क्रमशः २०१० और २०१२ में आईसीसी अंडर १९ पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दो संस्करणों में भाग लिया है।

## पाकिस्तान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, वॉर्नर, मैक्सवेल सहित कई बड़े खिलाड़ी बाहर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की राष्ट्रीय चयन पैनल (एनएसपी) ने मंगलवार को पाकिस्तान दौरे के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान दौरे पर ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन एकदिवसीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया 1998 के बाद पहली बार तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। डेविड वार्नर, पैट कमिंस, जोश



हेजलवुड, मिच स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल सभी पाकिस्तान दौरे के सीमित ओवरों के मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि, इन खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मैच खेलने के लिए रिलीज नहीं किया जाएगा और ये 5 अप्रैल के बाद ही टूनार्मेंट के लिए उपलब्ध होंगे। टेस्ट खेलने वाली टीम और स्टाफ इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान के लिए रवाना होने वाले हैं, जबकि सफेद गेंद के खिलाड़ी और कर्मचारी एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए मध्य दौरे में शामिल होंगे।

# भारत के खिलाफ आखिरी दो एकदिनी मैचों से बाहर हुई ब्रुक हॉलिडे

**क्वीन्सटाउन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे भारत के खिलाफ आखिरी दो एकदिनी मैचों से बाहर हो गई हैं। हॉलिडे एक कोरोना संक्रमित के संपर्क में आ गईं थीं,जिसके बाद उन्हें शेष बचे मैचों से बाहर कर दिया गया है।

हॉलिडे ने अपने साथी के साथ बाहर भोजन किया, जो बाद में कोरोना संक्रमित पाया गया और इसलिए उन्हें सात दिनों के लिए अपने होटल के कमरे में आइसोलेट रहना पड़ेगा।

हॉलिडे का कल कोविड-19



परीक्षण नकारात्मक आया था और अब उनके आइसोलेशन के पांचवें दिन फिर से उनका परीक्षण किया जाएगा और यदि दूसरी बार भी उनकी रिपोर्ट नकारात्मक आती है तो वह अपनी आइसोलेशन अवधि समाप्त कर सकती हैं और शुक्रवार को टीम में फिर से शामिल हो सकती हैं।हॉलिडे और उसके साथी दोनों ने सभी सरकारी और टीम स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन किया है। हॉलिडे के अलावा ली ताहुहू, मैडी ग्रीन और फ्रैन जोनास चौथे एकदिनी से बाहर हैं। ग्रीन और जोनास दोनों चोटिल हैं और आने वाले दिनों में उन पर नजर रखी जाएगी।

## शाकिब अल हसन की बांग्लादेशी टी-20 टीम में वापसी

**ढाका।** पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला से चूकने के बाद, हरफनमौला शाकिब अल हसन को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए बांग्लादेशी टीम में शामिल किया गया है। बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच 23 फरवरी से चटोग्राम में तीन वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। शाकिब के अलावा मुशफिकुर रहीम और लिटन दास को भी टी20 टीम में शामिल किया गया है। सैफ हसन, नजमुल हुसैन शान्तो, नूरुल हसन, शमीम



हुसैन, अमीनुल इस्लाम और अकबर अली को भी टीम से बाहर रखा गया है। मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने कहा, 'हमें अपनी टी20 टीम में थोड़ी स्थिरता की जरूरत है। शमीम और (नुरुल हसन) सोहन सिस्टम से बाहर नहीं हैं। हम उन पर नजर रखेंगे। हमने मुनीम शहरियार को एक साल तक उनका अनुसरण करने के बाद राष्ट्रीय टीम में चुना है।"

बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच दो मैचों की टी20 सीरीज 3 मार्च से ढाका में शुरू होगी।

बांग्लादेश की टी20 टीम इस प्रकार हैः महमूदुल्लाह (कप्तान), लिटन दास, मुनीम शहरियार, शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम, अफिफ हुसैन, महेदी हसन, यासिर अली, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, नसुम अहमद, शोहिदुल इस्लाम, मोहम्मद नईम।

## वॉलीबॉल लीगः कालीकट हीरोज ने हैदराबाद ब्लैक हॉक्स को 5-0 से धोया

**हैदराबाद।** कालीकट हीरोज ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए लगातार पांच सेट जीतकर सोमवार रात यहां जीएमसी गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के 19वें मैच में हैदराबाद ब्लैक हॉक्स को 5-0 (15-14, 15-10, 15-14, 15-14, 15-9) से करारी मात दी। कालीकट के डेविड ली को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। कालीकट की छह मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब सात अंक हो गए हैं। मैच में बोनस के रूप में तीन प्वाइंट लेने के बाद कालीकट ने अब सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, हैदराबाद को छह मैचों में तीसरी हार का सामना करना



पड़ा है और टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। कालीकट और हैदराबाद के अलावा अहमदाबाद डिफेंडर्स भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है।

कालीकट हीरोज पहले सेट में 7-7 की बराबरी पर रहने के बाद ब्रेक तक एक अंक से पिछड़ गई। इसके बाद दोनों टीमें सुपर प्वाइंट लेकर 12-12 की बराबरी पर थी और वे फिर कालीकट ने आखिरकार 15-14 से पहला सेट जीत लिया। अगले सेट में भी हीरोज ने शानदार शुरूआत करते हुए ब्रेक तक तीन प्वाइंट की बढ़त बना ली। टीम ने आगे भी आगे भी लगातार अंक लेते हुए 15-10 से लगातार दूसरा सेट भी अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट में भी दोनों टीमें एक समय 13-13 की बराबरी पर थी और कालीकट ने फिर 15-14 से लगातार तीसरे सेट को जीतकर मैच को जीत लिया। चौथे सेट में भी ब्रेक प्वाइंट कालीकट हीरोज दो प्वाइंट से पीछे थी और फिर वापसी करते हुए तीन प्वाइंट से आगे हो गई। दोनों टीमें यहां भी सेट प्वाइंट पर थी और कालीकट ने एक बार फिर से 15-9 से सेट जीतकर मुकाबले में 4-0 की विशाल बढ़त बना ली।हीरोज की टीम ने अंतिम सेट में ब्रेक प्वाइंट के बाद 11-4 की बढ़त बना ली।

## महिला एकदिवसीय विश्व कप बेहद कठिन होने वाला है : मेग लैनिंग



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग आगामी आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप को लेकर काफी उत्साहित हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि टूनार्मेंट बेहद कठिन होने वाला है। महिला एकदिवसीय विश्व कप, 4 मार्च 2022 से शुरू होगा, जिसके उद्घाटन मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से होगा। मेग लैनिंग ने आईसीसी के लिए एक कॉलम में लिखा, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि 50 ओवर का विश्व कप कुछ समय के लिए रडार पर रहा है, यह टी 20 विश्व कप की तुलना में बहुत कम आता है इसलिए हम इसमें प्रतिस्पर्धा करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं।" उन्होंने आगे लिखा, "हम सभी एक दिवसीय विश्व कप में खेलने के मौके को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं और निश्चित रूप से हम वहां जीतने जा रहे हैं लेकिन यह एक बहुत कठिन टूनार्मेंट होने जा रहा है। हमारे बहुत से खिलाड़ी विश्व कप 2017 में शामिल थे। वह टूनार्मेंट हम जिस तरह से समाप्त करना चाहते थे. वह नहीं कर सके। मुझे लगता है कि तब से हमने जिस तरह से अपना क्रिकेट खेला है वह बहुत अधिक सकारात्मक है और मुझे लगता है कि हमारी खेल शैली के अनुकूल है।" कप्तान ने यह भी कहा कि विश्व कप ने टीम के सभी युवा खिलाड़ियों को एक बड़ा मौका दिया है, क्योंकि वे खुद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।

## भारत के 16 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराया



**चेन्नई।** भारत के 16 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने ऑनलाइन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता एयरथिंग्स मास्टर्स के आठवें दौर में विश्व चैंपियन नार्वे के मैग्नस कार्लसन को हराकर सबको चौंका दिया। प्रज्ञानानंद ने सोमवार को तड़के टैराश वेरिएशन गेम में 39 चालों में काले मोहरों से जीत हासिल की और कार्लसन के लगातार तीन जीत के अभियान पर भी रोक लगा दिया। यह कार्लसन के खिलाफ शतरंज के किसी भी रूप में प्रज्ञानानंद की पहली जीत थी और लगातार तीन गेम हारने के बाद आई थी। कार्लसन कल लीडरबोर्ड पर 11वें से ऊपर - पांचवें स्थान पर रहे। वहीं, प्रज्ञानानंद आठ राउंड के बाद आठ अंकों के साथ संयुक्त 12वें स्थान पर है। रूस के इयान नेपोम्नियाचची, जो कुछ महीने पहले विश्व चैंपियनशिप मैच में नॉर्वेजियन दुनिया के नंबर 1 कार्लसन से हार गए थे, 19 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, इसके बाद डिंग लिरेन और हैनसेन (दोनों 15 अंकों के साथ) हैं। बता दें कि 16-खिलाड़ियों के एयरथिंग्स मास्टर्स में, एक खिलाड़ी को जीत के लिए तीन अंक मिलते हैं और प्रारंभिक दौर में ड्रॉ के लिए एक अंक मिलता है। शुरूआती चरण में सात और राउंड बाकी हैं।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग में 6 साल बाद शीर्ष पर पहुंची भारतीय टीम



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम करीब छह साल बाद कीआईसीसी टी-20 टीम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। भारतीय टीम इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 12 फरवरी, 2016 से 3 मई, 2016 तक टी-20 प्रारूप में शीर्ष पर थी। भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम की भी इंग्लैंड के बराबर 269 रेटिंग है। भारत और इंग्लैंड दोनों की 39 मैचों में 269 रेटिंग है लेकिन भारत के 10,484 अंक हैं जो कि इंग्लैंड (10474) से 10 अधिक हैं। रैंकिंग में पाकिस्तान (रेटिंग 266) तीसरे, न्यूजीलैंड (255) चौथे और दक्षिण अफ्रीका (253) पांचवें स्थान पर है, जबकि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया (249) श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में 4-1 से जीत के बाद छठे स्थान पर बना हुआ है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम को 2021 टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी बार हार का सामना करना पड़ा था, इसके बाद भारतीय टीम ने अफगानिस्तान, नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाफ टूनार्मेंट में अपने शेष तीन मैच जीते थे और टीम ने अब तक लगातार 9 टी-20 मैच जीते हैं। विश्व कप के बाद विराट कोहली के कप्तानी से हटने के बाद, मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने भारत को न्यूजीलैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में जीत दिलाई।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे बोल्ट

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। बोल्ट दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के लिए टीम में नहीं थे क्योंकि उनकी पत्नी अपने तीसरे बच्चे को जन्म देने वालीं थी।

स्टीड ने कहा,"वह अपनी जिम्मेदारियों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह पिता बनने वाले हैं, इसलिए वह पहले टेस्ट मैच से चूक गए थे और अब वह दूसरे टेस्ट मैच में भी हिस्-नहीं लेंगे।"न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। स्टीड ने कहा, "हमने एक फ्रंटलाइन स्पिन विकल्प पर विचार किया, लेकिन ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हमें इस पिच के इतिहास को देखते हुए स्पिनर को न खिलाने का फैसला किया।"

## यूपी योद्धा ने पुनेरी पल्टन को रौंदते हुए सेमी-फाइनल में प्रवेश किया

**बेंगलुरु।** जीएमआर समूह की पीकेएल फ्रेंचाइजी यूपी योद्धा ने सोमवार रात प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन आठ के पहले एलिमिनेटर में पुनेरी पल्टन को 42-31 से रौंदते हुए अपने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना लीग टॉपर्स पटना से होगा । बेंगलुरु के शेरेटन ग्रैंड व्हाइटफील्ड होटल और कन्वेंशन सेंटर में अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए योद्धाओं ने अपने रिकॉर्ड ब्रेकर सुपरस्टार एवं "डुबकी किंग" नाम से प्रसिद्ध प्रदीप नरवाल के नेतृत्व में बेहतरीन टीम खेल दिखाया और प्रदीप ने अपने क्लास को एक बार फिर से प्रस्तुत करते हुए सर्वाधिक 18 अंक हासिल किए वहीं सुमित ने मैच में अपना 'हाई फाइव' अर्जित किया। यूपी योद्धा ने पांच डिफेंडर्स और दो रेडर के साथ 5-2 के फार्मेशन के साथ शुरूआत की। कप्तान नीतेश कुमार ने टॉस तो जरूर जीता लेकिन वैसी शुरूआत नहीं कर पाए जिसकी वो उम्मीद लगाए हुए थे क्योंकि पहले सात मिनट में पुनेरी पल्टन द्वारा ऑल आउट होने के बाद योद्धाओं ने खुद को 1-9 से पीछे पाया। योद्धा खेल के पहले पांच मिनट में कोई अंक नहीं अर्जित कर पाए थे और सातवें मिनट में उनका पहला टच पॉइंट आया।

# विदेश संदेश

## यूक्रेन संकट के बीच इमरान जाएंगे रूस, 23 साल बाद किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की होगी यात्रा

**मास्को।** यूक्रेन और रूस संकट और युद्ध आशंका के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान 23 और 24 फरवरी को रूस दौरे पर जा रहे हैं। किसी भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की 23 साल बाद यह यात्रा होगी। इमरान की पहली रूस यात्रा होगी। क्रेमलिन के प्रेस सचिव दैमित्री पेस्कोव ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस दौरे पर इमरान खान की मुलाकात राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात होगी। इससे पहले वर्ष 1999 में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाल शरीफ रूस के दौरे पर गए थे। इमरान खान पहले ही रूस के राष्ट्रपति को औपचारिक निमंत्रण दे चुके हैं। पिछले महीने फोन पर हुई वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री ने अपना आमंत्रण दोहराया था। पुतिन के दौरे को लेकर पिछले दो वर्ष से बातचीत चल रही है, लेकिन कोरोना महामारी समेत कुछ कारणों से तारीख तय नहीं हो पाई है। कुछ रिपोर्टों में इस यात्रा की वजहों की ओर इशारा किया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक रूस भी चाहता है कि पाकिस्तान के साथ बड़ी परियोजनाएं होनी चाहिए। रूस पाकिस्तान के साथ बड़ी पहलकदमियों पर विचार कर रहा है। यदि रूस के साथ पाकिस्तान की किसी परियोजना को लेकर बात बनती है तो माना जा रहा है कि इसकी घोषणा खुद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पाकिस्तान की यात्रा पर करेंगे।

## घर से बाहर सामान लेने निकली महिलाओं पर तालिबान ने चलाई गोलियां, एक की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में महिलाओं को घर से बाहर जाकर सामान खरीदने तक की आजादी नहीं मिल पा रही है। तालिबान लड़ाके उन्हें गोलियों की सौगात देकर उनकी जान तक ले रहे हैं। एक बार फिर तालिबान लड़ाकों ने घर से बाहर सामान लेने निकली तीन महिलाओं पर गोलियों की बौछार कर दी। इससे एक महिला की मौत हो गयी और दो गंभीर रूप से घायल हो गयीं। अफगानिस्तान में महिलाओं पर तालिबान के अत्याचार कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। महिलाओं का सड़क पर निकलना दूभर हो गया है। अकेले निकलने वाली महिलाओं को तालिबान द्वारा लगातार निशाना बनाए जाने पर महिलाओं ने समूह में निकलना शुरू किया, किन्तु उन्हें भी नहीं छोड़ा जा रहा है। कांधार में तीन महिलाएं एक रिक्शे पर घर का सामान लेने निकलीं, तभी एक चेक प्वाइंट पर तालिबान लड़ाकों ने ताबड़तोड़ महिलाओं पर गोलीबारी कर दी। गोलियों की बौछार से उनमें से एक महिला ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया। अन्य दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। घटना के बाद पीड़ित महिलाओं के परिवार सड़क पर उतर आए हैं। महिला के शव को गवर्नर कार्यालय के बाहर रखकर भारी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य मार्ग पर तालिबान लड़ाकों की सक्रियता के कारण ये लोग मृतक महिला के शव को ताबूत में लेकर गलियों से होते हुए गवर्नर कार्यालय पहुंचे। ये लोग प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि तालिबान के कारण अफगानिस्तान में महिलाओं का रहना दुष्कर हो गया है।

## रूस ने किया परमाणु अभ्यास, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र को चेताया

**मिन्स्क।** यूक्रेन के साथ युद्ध की आशंकाओं के बीच रूस ने बेलारूस में न्यूक्लियर ड्रिल (परमाणु अभ्यास) को अंजाम दिया है। साथ ही रूस काला सागर (ब्लैक सी) में भी नौसैनिक अभ्यास कर रहा है। रूस की इन जंगी तैयारियों के बीच अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र संघ को चेतावनी दी है कि रूस ने यूक्रेन के ऐसे लोगों की सूची बना ली है, जिन्हें या तो मार दिया जाएगा या जेल में ठूंस दिया जाएगा। यूक्रेन सीमा पर रूसी सैनिकों का जमावड़ा कम किये जाने के रूस के दावे के बावजूद रूस द्वारा युद्ध की तैयारियां किये जाने की जानकारियां बार-बार सामने आ रही हैं। रूस और बेलारूस के बीच करीबी जगजाहिर है। स्वयं बेलारूस के राष्ट्रपति यूक्रेन सहित अमेरिका व अन्य देशों को चेतावनी दे चुके हैं कि वे रूस के परमाणु हथियार अपने देश में तैनात कर लेंगे। बेलारूस की सीमा यूक्रेन से लगती है। यहां कई दिनों से रूस के सैनिक युद्धाभ्यास कर रहे हैं। माना जा रहा है कि बेलारूस में रूस के तीस हजार से अधिक सैनिक मौजूद हैं। इन लोगों ने परमाणु हथियारों का अभ्यास भी अपने युद्धाभ्यास में शामिल किया है। उधर, काला सागर में रूस की नौ सेना लगातार अभ्यास कर रही है। इन जंगी अभियानों के बीच अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार प्रमुख को पत्र भेजकर चेतावनी दी है। अमेरिका ने कहा है कि रूस ने यूक्रेन के उन लोगों की सूची बना ली है, जिन्हें युद्ध के दौरान या तो मारा जाएगा या फिर जेल में ठूंस दिया जाएगा।

## रूस-यूक्रेन तनाव चरम पर, रूसी सेना ने मार गिराये 5 यूक्रेनी सैनिक

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर तनाव चरम पर पहुंच गया है। रूस-यूक्रेन सीमा पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प की जानकारी सामने आई है। रूस की सेना ने यूक्रेन के पांच सैनिकों को मार गिराने का दावा किया है। दावा किया गया है कि रूस की सीमा में घुसने पर यूक्रेन के दो बख्तरबंद वाहनों को भी तबाह कर दिया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध टालने की तमाम कोशिशों और रूस द्वारा सीमा से सेना वापसी के दावों के बीच दोनों देशों में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को यह तनाव अत्यधिक बढ़ गया, जब दोनों देशों की सीमा पर रूस और यूक्रेन के सैनिक आमने-सामने आ गए। रूस की सेना ने दावा किया कि यूक्रेन के कुछ सैनिक अपनी सीमा पार कर रूस की सीमा में प्रवेश कर गए थे। इस कारण दोनों देशों के सैनिकों में तेज झड़प हुई। रूसी सेना का दावा है कि यूक्रेनी क्षेत्र पार कर रूसी जमीन पर आए यूक्रेन के पांच सैनिकों को रूसी सैनिकों ने मार गिराया है। रूसी सेना ने यह भी दावा किया है कि रूस के सैनिकों ने देश की सीमा में घुसने पर यूक्रेन के दो बख्तरबंद वाहनों को भी तबाह कर दिया है। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई सप्ताह से तनाव चल रहा है, किन्तु सीमा पार कर एक दूसरे के सैनिकों या सैन्य साजो-सामान पर हमले की यह पहली घटना है। रूसी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि घटना रोस्तोव क्षेत्र के मित्याकिंस्काया गांव के पास हुई है।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## तुर्की में कोरोना मामलों में गिरावट की उम्मीद

**अंकारा।** तुर्की में अगले दो हफ्तों में कोरोना मामलों में गिरावट आने की उम्मीद है, क्योंकि रोजाना कोरोना मामलों में गिरावट आ रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के सबसे ज्यादा मामले बड़े शहर इस्तांबुल में दर्ज किए गए, लेकिन अब शहर में संक्रमण में बीते 10 दिनों में 62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

# रूस के फैसले को संयुक्त राष्ट्र ने बताया क्षेत्रीय अखंडता का हनन

**न्यूयॉर्क।** पूर्वी यूक्रेन के दो शहरों डोनेत्स्क और लुहांस्क को स्वतंत्र क्षेत्र घोषित करने के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के फैसले को संयुक्त राष्ट्र संघ ने क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का हनन करार दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस के फैसले को संयुक्त राष्ट्र के नियमों का उल्लंघन भी बताया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रूस के एलान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने यूक्रेन के संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान मिन्स्क समझौते के अनुरूप करने का आह्वान किया। उन्होंने याद दिलाया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी इस बाबत वर्ष 2015 में एक प्रस्ताव पारित किया था।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने ऐसी किसी कार्रवाई या बयान से भी बचने का आग्रह किया गया है, जिससे यूक्रेन के भीतर और उसके आस-पास पहले से ही खतरनाक स्थिति और भड़क जाए। उन्होंने सभी संबद्ध पक्षों से आक्रामक गतिविधियों को तत्काल रुकवाने और आम लोगों एवं नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों पर ध्यान लगाने का आग्रह किया है। यूक्रेन में चल रहे घमासान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की अपनी प्रस्तावित यात्रा भी रद्द कर दी है। उन्होंने इसके अलावा तमाम मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिये राजनय को प्राथमिकता देने का भी आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्तेफान दुजैरिक ने आश्वासन दिया कि संयुक्त महासभा के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुरूप, संयुक्त राष्ट्र, यूक्रेन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर उसकी सम्प्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखण्डता के लिये पूर्ण समर्थन देने को लेकर दृढ़संकल्पित है।

# पुतिन ने यूक्रेन के डोनेत्स्क और लुहांस्क को दी अलग राज्य की मान्यता

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थित अलगाववादी क्षेत्रों (डोनेत्स्क और लुहांस्क) की स्वतंत्रता को मान्यता दे दी है। रूस के इस फैसले से यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की पश्चिम देशों की आशंका के बीच तनाव और बढ़ेगा। राष्ट्रपति की सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद पुतिन ने यह घोषणा की और इसी के साथ मॉस्को समर्थित विद्रोहियों और यूक्रेनी बलों के बीच संघर्ष के लिए रूस के खुलकर बल और हथियार भेजने का रास्ता साफ हो गया है।



यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे गतिरोध में अमेरिका भी सीधे तौर पर सक्रिय है। रूस ने यूक्रेन के जिन दो हिस्सों को मान्यता देने की घोषणा की थी, अमेरिका ने उन दोनों हिस्सों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यूक्रेन पर रूसी हमले की संभावना और अमेरिका सहित नाटो देशों की इसे टालने की कोशिशों के बीच रूस ने पूर्वी यूक्रेन के दो गणराज्यों डोनेत्स्क और लुहांस्क को नए देश के रूप में मान्यता दे दी। इसे लेकर रूस और यूक्रेन के बीच तनाव तो बढ़ ही गया था, अब अमेरिका ने इन दोनों क्षेत्रों पर भी प्रतिबंध लगाने की घोषणा कर दी है। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डोनेत्स्क और लुहांस्क पर पाबंदी लगाने संबंधी अधिशासी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से राष्ट्रपति बाइडन द्वारा इस अधिशासी आदेश का हस्ताक्षर करते हुए चित्र सहित एक ट्वीट भी किया गया है। ट्वीट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने लिखा है कि रूस को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन से मिलने वाले किसी भी तरह के लाभ से वंचित करने के लिए उन्होंने एक अधिशासी आदेश पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके अलावा वे यूक्रेन सहित अन्य सहयोगियों से लगातार बातचीत भी कर रहे हैं। डोनेत्स्क और लुहांस्क पर पाबंदियों के बाद अमेरिकी नागरिक इन क्षेत्रों में किसी तरह का निवेश या व्यापार नहीं कर सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस पर मिन्स्क समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाते हुये कहा कि इससे यूक्रेन की शांति, स्थिरता और वहां की परंपराओं के लिए खतरा पैदा हो गया है।वहीं, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्रों को मान्यता देने के रूस के कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार देते हुए कहा कि वह इसमें शामिल लोगों पर प्रतिबंध लगाएगा। इसने यूक्रेन की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया।

# अमेरिकी परियोजना को नेपाली संसद की मंजूरी के बाद बवाल, प्रदर्शनकारियों पर दागे गए आंसू गैस के गोले

**काठमांडू।** नेपाली संसद में अमेरिकी परियोजना को मंजूरी देने के बाद नेपाल में जोरदार विरोध किया जा रहा है। इसे लेकर संसद से सड़क तक विरोध दर्ज किया गया। नेपाल की संसद के बाहर रविवार को जमकर प्रदर्शन हुए। संसद के बाहर तैनात पुलिसबल ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान आगजनी की घटनाएं भी सामने आई हैं। साथ ही इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज हो गया है।शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि काठमांडू में पुलिस ने यूएस-वित्त पोषित बुनियादी ढांचे कार्यक्रम का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछार छोड़ीं। झड़पों में कुछ प्रदर्शनकारी घायल भी हुए हैं। जानकारी के अनुसार नेपाल और अमेरिका ने वर्ष 2017 में एमसीसी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसका उद्देश्य नेपाल में बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है जिसमें विद्युत पारेषण लाइन और राष्ट्रीय राजमार्गों का सुधार शामिल है।एमसीसी अनुदान अमेरिकी लोगों की ओर से एक उपहारवहीं, अमेरिकी दूतावास ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 50 करोड़ अमेरिकी डालर का एमसीसी अनुदान अमेरिकी लोगों की ओर से एक उपहार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी से नेपाल में रोजगार और बुनियादी ढांचे का सृजन होगा जिससे नेपालियों के जीवन में सुधार होगा। इसी को लेकर सरकारी अधिकारियों ने कहा कि अनुदान को चुकाना नहीं होगा और इसकी कोई शर्त नहीं है, लेकिन विरोधियों का कहना है कि समझौता नेपाल के कानूनों और संप्रभुता को कमजोर करेगा क्योंकि सांसदों के पास बुनियादी ढांचा परियोजना को निर्देशित करने वाले बोर्ड की अपर्याप्त निगरानी होगी। जोरदार विरोध के बावजूद, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ज्ञानेंद्र बहादुर कार्की ने संसद में समझौता किया और कहा कि परियोजनाओं से नेपाल की 30 मिलियन आबादी में से 24 मिलियन लाभान्वित होंगे। कार्की ने संसद में कहा कि अनुदान देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति का पुतिन को वार्ता प्रस्ताव, बाइडेन भी मिलने को तैयार

**म्यूनिख।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बादल छंटने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच बातचीत व मुलाकात की कोशिशें भी तेज हो गयी हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से वार्ता का प्रस्ताव किया है। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी कहा है कि वे समस्या के समाधान के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिलने को तैयार हैं।



जर्मनी के शहर म्यूनिख में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने गए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत जरूरी है। यूक्रेन कूटनीति के रास्ते पर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति क्या चाहते हैं, यह उन्हें भी नहीं पता है। इसीलिए वे रूस के राष्ट्रपति को मुलाकात व वार्ता का प्रस्ताव दे रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस वार्ता का स्थान व समय तय कर ले, ताकि बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी कहा है कि रूस यदि यूक्रेन पर हमला न करे तो वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ मिलने व बैठक करने को तैयार हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मध्यस्थता से यह स्थिति बनी है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बाइडेन प्रशासन हमला शुरू होने के क्षण तक कूटनीतिक समाधान तलाशने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका कूटनीतिक रास्ते पर चलने को हमेशा तैयार हैं किन्तु यदि रूस ने युद्ध का रास्ता चुना तो अमेरिका त्वरित और गंभीर कार्रवाई करने को भी तैयार है।

# यूक्रेन की सेना और विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज, विद्रोहियों को पासपोर्ट देकर नागरिक बना रहा रूस

**कीव/मास्को।** यूक्रेन की सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच पूर्वी यूक्रेन में रविवार को संघर्ष तेज हो गया है। वहीं रूस सेना विद्रोहियों को पासपोर्ट देकर आधिकारिक रूप से अपनी नागरिकता दे रहा है। जानकारी के अनुसार रूस ने अब तक 7 लाख वीजा जारी किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की सेना और विद्रोहियों दोनों तरफ से जारी गोलाबारी में दो सैनिकों के मारे जाने और चार सैनिकों के घायल होने की सूचना है। वहीं विद्रोही नेताओं का दावा है कि यूक्रेनी सेना के हमले में दो नागरिक मारे गए हैं। इन इलाकों से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का रूस के सुरक्षित इलाकों में जाना जारी है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने पूर्वी यूक्रेन में छिड़े संघर्ष, बेलारूस और काला सागर में चल रहे युद्धाभ्यास और परमाणु हमले के अभ्यास को रूस के तनाव बढ़ाने वाले कदम कहा है। जिसके जरिए रूस यूक्रेन पर हमले का बहाना गढ़ रहा है।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस सप्ताह में में रूसी हमले का अंदेशा जताया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन ने कहा है कि रूसी सैनिक यूक्रेन की सीमा के और करीब आ गए हैं और वे अपने हथियारों के साथ मोर्चेबंदी कर रहे हैं। उनकी तैयारियां हमले से ठीक पहले वाली हैं। यूक्रेन की सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच छिड़े संघर्ष में तीन दिनों में संघर्षविराम उल्लंघन की दो हजार घटनाएं दर्ज की गई हैं। विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके और शेष यूक्रेन के बीच नियुक्त पर्यवेक्षक दल ने ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। पूर्वी यूक्रेन में दोनों के बीच 2014 से लड़ाई छिड़ी हुई है लेकिन ताजा संघर्ष पिछले सात साल में सबसे भीषण है। इस बीच यूक्रेन ने विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों को जाने वाले सात रास्तों पर बने चेकपोस्ट बंद कर दिए हैं। अब दोनों ओर से लोगों का आना-जाना बंद है।

## पुतिन ने अलगाववादी क्षेत्रों को स्वतंत्र पूर्वी यूक्रेन के रूप में दी मान्यता

**मास्को/कीव।** यूक्रेन-रूस के बीच विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुरक्षा परिषद के साथ बैठक में अलगाववादी गणराज्यों को स्वतंत्र पूर्वी यूक्रेन के रूप में मान्यता दे दी है।



क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उन्होंने अपने फैसले के बारे में फ्रांसीसी और जर्मन नेताओं को सूचित किया था। क्रेमलिन का यह बयान पुतिन के राष्ट्रीय संबोधन से पहले कहा है। बयान में कहा गया कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्ज ने पुतिन के साथ फोन कॉल पर इस निर्णय पर निराशा व्यक्त की थी। पूर्वी यूक्रेन में कीव और रूस समर्थक विद्रोहियों के बीच संघर्ष में फ्रांस और जर्मनी मध्यस्थ हैं। पश्चिम देशों ने बार-बार रूस को अलगाववादियों को मान्यता नहीं देने की चेतावनी देत हुए कहा था कि यह एक ऐसा कदम है जो इस क्षेत्र की शांति प्रक्रिया को भंग कर सकता है। इससे पहले सोमवार को पूर्वी यूक्रेन के अलगाववादी डोनेट्स्क और लुगांस्क क्षेत्रों के विद्रोही नेताओं ने पुतिन से उन्हें स्वतंत्र के रूप में मान्यता देने की अपील की थी। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में यह भी कहा गया है कि विद्रोहियों ने यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा सैन्य आक्रमण कर डोनबास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गोलाबारी की, जिससे यहां के नागरिकों को परेशानी हुई है। इससे पहले पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से सुरक्षा प्रस्ताव पर बात की थी। उसके बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की जेनेवा में बैठक के दौरान अमेरिका को सुरक्षा प्रस्ताव का मसौदा दिया गया। लेकिन अमेरिका और नाटो ने सुरक्षा प्रस्ताव को अपमानजनक तरीके से खारिज कर दिया। इस प्रस्ताव में यूक्रेन को नाटो में शामिल न किए जाने और पूर्वी व मध्य यूरोप से नाटो के हथियारों की तैनाती हटाए जाने की मांग थी। फ्रांस के राष्ट्रपति की कोशिश है कि यूक्रेन मसले का शांतिपूर्वक समाधान निकल आए, इसीलिए नाटो में शामिल नेताओं में वह सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। वह पुतिन से तीन बार फोन बात करने के साथ ही मास्को जाकर मुलाकात भी कर चुके हैं। मैक्रों ने रविवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी बात की थी।

## यूक्रेन के विद्रोही क्षेत्रों को मान्यता देने के बाद पुतिन ने किया राष्ट्र को संबोधित

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वे पूर्वी यूक्रेन में दो क्षेत्रों डोनेस्क और लुहान्स्क को स्वतंत्रता की मान्यता देने वाले एक डिक्री पर हस्ताक्षर करेंगे। पुतिन ने देश की सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करने के बाद राष्ट्र को भी संबोधित किया। रूसी एजेंसी क्रेमलिन के अनुसार पुतिन ने जर्मनी और फ्रांस के नेताओं को फोन करके अपने फैसले की जानकारी दी, जिस पर उन्होंने निराशा व्यक्त की। इसके तुरंत बाद पुतिन ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए ओटोमन साम्राज्य के इतिहास, हाल ही में नाटो के पूर्व की ओर विस्तार पर तनाव और वर्तमान संकट में मास्को के लिए एक प्रमुख अड़चन के रूप में इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यूक्रेन को रूस के अतीत का एक अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व में प्राचीन रूसी भूमि शामिल है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का नाटो में शामिल होना रूस की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। पुतिन ने कहा कि वर्षों से सोवियत संघ के पतन के बाद उभरे राष्ट्रों पर रूस के प्रभाव को बहाल करने के लिए उन्होंने काम किया है, जिसमें यूक्रेन उनकी महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। रूस अपने पड़ोसी पर हमला करने की किसी भी योजना से इनकार करता है, लेकिन उसने सैन्य-तकनीकी कार्रवाई की धमकी दी है, जब तक उसे व्यापक सुरक्षा गारंटी नहीं मिलती है, जिसमें यह वादा भी शामिल है कि यूक्रेन कभी नाटो में शामिल नहीं होगा। पुतिन ने आगे कहा कि विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों की मान्यता के लिए मास्को दो अलगाववादी क्षेत्रों डोनेट्स्क और लुहान्स्क में सैन्य बलों को भेजने के लिए तैयारी कर सकता है। यूरोपीय संघ ने 27-राष्ट्र ब्लॉक से प्रतिबंधों की चेतावनी दी है कि मास्को को यूक्रेन के पूर्व में टूटे हुए क्षेत्रों को मान्यता देना चाहिए या रूस समर्थित अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस ने कहा, राजनयिक समाधान की राह अब भी खुली

**न्यूयार्क।** रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के दो क्षेत्रों को आधिकारिक मान्यता देने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलानी पड़ी। इस बैठक में यूक्रेन ने एक बार फिर शांति की इच्छा दोहराई, वहीं रूस ने राजनयिक समाधान की राह अब भी खुले होने की बात कही। रूस द्वारा दो क्षेत्रों को मान्यता देने के बाद अमेरिका व फ्रांस सहित कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की बात कही थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक आहूत की, जिसमें संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्गेई काइस्लात्सिया ने कहा कि यूक्रेन शांति चाहता है और सही दिशा में काम कर रहा है। यूक्रेन को एक राजनीतिक और कूटनीतिक समझौते के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि यूक्रेन उकसावे के आगे नहीं झुकेगा। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत ने कहा कि यूक्रेन के डोनेत्स्क और लुहांस्क क्षेत्रों को रूस द्वारा मान्यता देने का फैसला अचानक नहीं लिया गया है। ये फैसला उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की रक्षा और उन्हें बचाने के लिए लिया गया। उन्होंने कहा कि रूस ने राजनयिक समाधान के लिए कूटनीतिक दरवाजे खोल रखे हैं। साथ ही रूस ने अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की भूमिका को नकारात्मक करार दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मुद्दे को केवल राजनयिक बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है।सुरक्षा परिषद में अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि रूस ने यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर हमला किया है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन भी है।

## यूक्रेन में फंसे 20 हजार से अधिक भारतीय, वापस लाने को विशेष उड़ानें

**कीव।** यूक्रेन में युद्ध के हालात के बीच वहां बीस हजार से अधिक भारतीय फंसे हुए हैं। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों की वापसी के लिए विशेष उड़ानें शुरू कराई हैं। साथ ही वहां फंसे सभी भारतीय नागरिकों से संपर्क भी स्थापित किया जा रहा है।

यूक्रेन पर रूस के संभावित हमले और लगातार बढ़ते तनाव के बीच वहां फंसे भारतीयों को लेकर भी चिंताएं बढ़ गयी हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमर्ति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जानकारी दी कि बीस हजार से अधिक भारतीय छात्र-छात्राएं व नागरिक यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में रह रहे हैं।